**Awareness & Interactive Talk on "Red Hat"**

**26th April 2023**

**UIET, CSJM University**

An Awareness Interactive Talk on Red Hat was conducted by the Department of Computer Applications on 26th April 2023 at 12:30 pm in Seminar Hall @ UIET-4 for the students of BCA & MCA.

Mr. Sanjay Srivastava, _Head - Public Sector (Asia Pacific) @ Red Hat addressed the students and shared about the open sources technologies along with the contribution of Red Hat in promoting these technologies. He motivated the students to come out from their comfortable zone to learn something new and think out of the box if they aspire to join the corporate world. He also shared with the students how to make themselves different technically from others by learing some demanding technologies so that they should be selected while shortlisting suitable candidates for the company. The talk ended with how Red Hat is contributing to bridge the gap between academic and industry through its partnership programs.









## **Entrepreneurial Talk** on **National Innovation Day**

Oct 15, 2022 (Sat) | 11:00 am onwards
Seminar Hall | Physical Mode

Resource Person: Mr. Shrutidhar Paliwal (Sweden) | Mr. Surendra Rajpurohit (Jaipur)
Event was attended by 85 students of BCA






# छात्रों को नवाचार के लिए किया प्रोत्साहित

कानपुर (एसएनबी)। छत्रपति शाहूजी महाराज इनोवेशन फाउंडेशन के तत्वावधान में शनिवार को पूर्व राष्ट्रपति प्रो. एपीजे अव्दुल कलाम की स्मृति में राष्ट्रीय नवाचार दिवस कार्यक्रम कर छात्रों को नवाचार के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि जयपुर से आये श्रुतिधर पालीवाल एवं सुरेन्द्र राजपुरोहित ने इस अवसर पर नवाचार, इकोसिस्टम एवं एमएसएमई के लिए प्रदत्त सुविधाओं पर प्रकाश डालते हुए छात्रों से नवाचार संस्कृति से जुड़ने की अपेक्षा की। विवि के कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग प्रमुख प्रो.रॉविन्स पोरवाल भी कार्यक्रम में शामिल हुए। नवाचार केन्द्र के प्रमुख कार्यकारी अधिकारी रवींद्र प्रकाश दुवे, सीनियर इनक्यूवेशन मैनेजर उत्कर्ष विसारिया व नवचार अधिकारी अनिल कुमार त्रिपाठी ने विश्व में वढ़ती प्रतिस्पर्धा, आर्थिक दृष्टिकोण व भारत सरकार की नीतियों के परिप्रेक्ष्य में विद्यार्थियों को नवाचार के मौलिक विचारों के साथ आगे आने व उन पर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में स्टार्टअप्स के अलावा विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

**Interactive Talk on "Dorotics"**

**15th March 2023**

**UIET, CSJM University**

An Interactive Talk on DOROTICS was conducted by the Dept. of Comp. Application, UIET on 15th March 2023 at 03:00 pm in Seminar Hall @ UIET-4 for the students of B. Tech. (CS/IT/ECE/MEE) and BCA/MCA. Mr. Ashu Gupta, Executive Director & Founder Member, BIAG (Indian Aviation Games Board) - An initiative by Aviation & Space Federation for Universe shared about the activities of the federation related to Drone & Robotics and also shared that CSJMU is going to host the announcement of 2nd National Drone Ranking / Female National Drone Ranking along with a Conclave on DOROTICS in coming days/ months at the University Campus. He motivated the students to come forward to participate in the National/ International Level of Technical Events conducted by the Board. Videos of students across pan-india, operating drone, were also displayed to inspire the students. In the beginning of the Talk, Presidential member of BIAG, Lt. Gen. (Rtd.) Kamaljeet Singh addressed the students in online mode and shared about the activities of the federation and conveyed his wishes to CSJM University for its efforts to promote activities in the area of Drone and Robotics.

The event was attended by more than 60 students of BCA and MCA.









**Materials Event 2022 (Seminar and Quiz)**

**16th September 2022**

**UIET, CSJM University Kanpur**

Materials Science and Metallurgical Engineering (MSME) Department of University Institute of Engineering and Technology (UIET), CSJM University, Kanpur in association with Materials Advantage (MA), IIT Kanpur organized a talk on X-ray Diffraction (XRD), Scanning Electron Microscopy (SEM) and Opportunities in Research in MSME on 16th September 2022. The speakers were Mr. Murli, Mr. Aman and Mr. Sawan from the Materials Advantage (MA) team of IIT Kanpur.

The talk was followed by a quiz on the discussed topics. The program was attended by nearly 40 students. Some students of other department also joined this event. The event was very helpful in understanding the XRD and SEM characterization of the materials and it's relevance in research field. The students having the best performance in the quiz were given a chance to visit IITK Laboratories in the month of October.






**Programming Contest "Code Combat"**

**1st March 2023**

**UIET, CSJM University**

A programming contest on C, C++, Python called **CODE COMBAT** was organized by Department of Computer Application for students of BCA and MCA on **1st March 2023**.
The event was attended by more than 80 students of BCA and MCA.









**Talk on "Cyber Security and Ethical Hacking"**

**19th December 2022**

**Dept of Computer Application, UIET, CSJM University**

Today an Invited Talk on Cyber Security and Ethical Hacking was organized by the Department of Computer Applications for the students of BCA & MCA in Seminar Hall (UIET-IV) during 02:00 pm - 04:00 pm on 19th December 2022. Mr. Amit Sonkar, from Aspirevision Tech Education Pvt. Ltd. was invited as Resource Person for the Talk. The speaker shared the various technical terminologies to be used in the related topic and the available tools to be used. Within limited time frame, the resource person also conducted hands-on session and shared how students can make their own laptop a virtual machine and can install another operating system while already having windows operating system. All students enjoyed the talk and understood basic terminologies. The talk was attended by more than 110 students of BCA and MCA program.










# छात्र-छात्राओं को दी साइबर क्राइम की जानकारियां

कानपुर, 19 दिसंबर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के कंप्यूटर एप्लीकेशन्स विभाग में बीसीए एवं एमसीए के छात्रों के लिये साइबर क्राइम व एथिकल हैकिंग पर अस्पायर विन टैक प्रा. लिमिटेड कंपनी की ओर से एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विभागाध्यक्ष प्रो. रॉबिन्स पोरवाल ने कार्यक्रम के मुख्य वक्ताअमित सोनकर ने विषय की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज के समय में सभी को साइबर क्राइम की जानकारी होनी चाहिये और बताया कि विभाग के छात्रों के लिये इस बिषय में जानना क्यों जरूरी है। अपने व्याख्यान में वक्ता ने साइबर क्राइम के बहुत सारे तरीकों के बारे में बताते हुए उनसे जुड़े हुए बहुत सारे टूल्स की जानकारी भी दी। इस दौरान कंपनी अभिषेक, मनीष, अमित विरमानी, शिल्पी दुबे, डॉ. रितेश अग्रवाल, अखिलेश सिंह एवं प्रशांत श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता।

# आज के समय में सभी को साइबर क्राइम की जानकारी होनी चाहिये : अमित सोनकर

**अमन यात्रा ब्यूरो**

कानपुर। सोमवार को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के कंप्यूटर एप्लीकेशन्स विभाग में बी. सी. ए. एवं एम. सी. ए. के छात्रों के लिये ÷साइबर क्राइम व एथिकल हैकिंग पर अस्पायर विज़न टैक प्रा. लिमिटेड कंपनी द्वारा एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विभागाध्यक्ष प्रो. रॉबिन्स पोरवाल ने कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अमित सोनकर का स्वागत करके किया और बिषय की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज के समय में सभी को साइबर क्राइम की जानकारी होनी चाहिये और बताया कि विभाग के छात्रों के लिये इस बिषय में जानना क्यों जरूरी है। अपने व्याख्यान में श्री सोनकर जी ने साइबर क्राइम के बहुत सारे तरीकों के बारे में बताते हुए उनसे जुड़े हुए बहुत सारे टूल्स की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में उक्त कंपनी से अभिषेक एवं मनीष भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभाग के शिक्षक गण अमित विरमानी, शिल्पी दुबे, डॉ. रितेश अग्रवाल, हिमांशु शुक्ला, अभिषेक द्विवेदी, अखिलेश सिंह एवं प्रशांत श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन अमित विरमानी द्वारा विश्वविद्यालय एवं कम्पनी से आये सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।



**Webinar on "Manufacturing Process of Ammonia"**

**2nd September 2022**

**Department of Chemical Engineering, UIET**

A webinar was organized by the Department of Chemical Engineering for the Fourth year Chemical Engineering students on 2nd September 2022. The webinar was delivered by Er. Pradeep Tiwari, Technical Service Manager, Oman Methanol Company LLC, on Manufacturing Process of Ammonia. The webinar was scheduled between 10:00 A.M to 12:00 P.M. through the Google meet platform (Google Meet link: [https://meet.google.com/uvh-jmuc-kjj](https://meet.google.com/uvh-jmuc-kjj))

Mr. Tiwari with 26+ years experience in Fertilizers, Petrochemical and Oil & Gas discussed the followed during the webinar –

- Introduction - feed of process, Hyber process
- Ammonia production and synthesis
- Desulphurization – where sulphur compounds are hydrogenated by preheating and using cobalt molybdenum catalyst and then adsorbed on zinc oxide.
- Primary reforming- Steam reforming; high Ni-Cr alloy tubes filled with reforming catalyst.
- Secondary reforming
- Shift conversion, Methanation and Carbon dioxide removal

About 33 students of 4th year from Department of Chemical Engineering, UIET attended the webinar along with the faculty member- Dr. Vinay Kumar Sachan












**Webinar on "The Production and uses of Polyolefins"**

**10th September 2022**

**Department of Chemical Engineering, UIET**

A webinar was organized by the Department of Chemical Engineering for on 10th September 2022 at 10 am on "The Production and uses of Polyolefins". The talk was delivered by Er. Ram Mukund Verma, HSE Manager, Borouge, UAE, (Abu Dhabi Polymers Company Ltd). The webinar was conducted through Zoom platform (Zoom link: //zoom.us/j/99548819748?pwd=SFB0a0NILzdvbTJ6OVJ0NEF wOEM2Zz09)

Er. Verma has 25+ years of experience in the Polymer industry and spoke on production and uses of polyolefins mainly polyethylene and its uses and explained the working of different unit operations. The topics discussed during the seminar included–

- Introduction of polyolefins
- Polyolefin resins
- Catalysts for polyolefins
- Production of PE and PP
- Catalytic polymerisation
-

More than 35 students of 4th year from Department of Chemical Engineering, UIET attended the webinar along with faculty members- Dr. Vinay Kumar Sachan, Dr. Arun K. Gupta, Er. Vaibhav Saxena.






HOW are PLASTICS MADE
1 EXTRACTION
2 OIL REFINING and GAS EXTRACTION
3 "CRACKING"
4 LINKING MOLECULES POLYMERISATION
5 BLENDING and EXTRUDING
7 PACKING and SHIPPING
→ Pellets are packed and shipped to customers.
8 PLASTICS CONVERSION


-DIFFERENTIATING FEATURES
Structure-Property Correlations – Impact of molar mass
Lowered impact
Migration, taste
Smoke and odor during extrusion
Processability
Matrix
ESCR and Creep properties
Mechanical strength
Melt strength
Bimodal
Traditional Unimodal
loop
gas phase
Molar mass
(MFR)
2022-09-10 10-52-47

**Workshop on Robotics and Data Analytics**

**4th - 5th November 2022**

**UIET, CSJM University Kanpur**

A two-day technical workshop was organized at UIET on Robotics and Data Analytics on the 4th and 5th of November 2022. This workshop was organized by Team Techkriti'23, the annual techfest of IIT Kanpur, in collaboration with Team Techmart'22, the annual tech-fest of UIET Kanpur. An MOU was also signed between the two institutions for this purpose.

The objective of the workshop was to introduce the students to the field of Robotics and Data Analytics and have hands on session with experts. The sessions were attended by a large number of students having technical domain knowledge as well as numerous students from other disciplines. All of the workshop participants have received certificates, and team members have also received certificates of gratitude for their work.










# स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस

## संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम सेमिनार/वर्कशाप/आनलाइन व्याख्यान एवं अन्य

## जुलाई, 2022

### 1. दिनांक : 01 जुलाई, 2022, डाक्टर्स डे के उपलक्ष्य में चिकित्सकों का सम्मान समारोह

आज दिनांक 01 जुलाई, 2022 दिन शुक्रवार को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के यशस्वी मा0 कुलपति प्रो0 विनय कुमार पाठक जी के संरक्षण में आज डाक्टर्स डे के उपलक्ष्य में चिकित्सकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर के सम्मानीय चिकित्सकगण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में प्रतिकुलपति प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी जी ने डा0 संगीता सारस्वत, डा0 रेनू गलहोत, डा0 सुमनलता वर्मा, विभागाध्यक्ष, पैथोलाजी, जी.एस. वी.एम. मेडिकल कालेज, कानपुर, डा0 गरिमा शर्मा, डा0 कुलदीप सिंह, डा0 विष्णु टण्डन, डा0 गौतम दत्ता, डा0 अमित द्विवेदी, डा0 अविनाश यादव, डा0 वर्षा प्रसाद को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



**सीएसजेएमयू में डॉक्टर्स डे पर चिकित्सकों का सम्मान समारोह**

*ईश्वर के बाद हम सभी लोग डाक्टर को ही धरती पर ईश्वर मानते हैं- प्रो अवस्थी*

**अमन यात्रा ब्यूरो**

**कानपुरः** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में शुक्रवार को डाक्टर्स डे के उपलक्ष्य में चिकित्सकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सेंटर फॉर एकेडमिक के सभागर में हुए कार्यक्रम में प्रति कुलपति प्रो सुधीर कुमार अवस्थी ने चिकित्सकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में डा0 संगीता सारस्वत, डा0 रेनू गलहोत, डा0 सुमनलता वर्मा, विभागाध्यक्ष, पैथोलाजी, जी.एस.वी.एम. मेडिकल कालेज, कानपुर, डा0 गरिमा शर्मा, डा0 कुलदीप सिंह, डा0 विष्णु टण्डन, डा0 गौतम दत्ता, डा0 अमित द्विवेदी, डा0 अविनाश यादव, डा0 वर्षा प्रसाद को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

सम्मान समारोह के अवसर पर प्रति कुलपति प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी ने कहा कि ईश्वर के बाद हम सभी लोग डॉक्टर को ही धरती पर ईश्वर मानते हैं। कोरोना काल में डॉक्टरों ने मरीजों की दिनों रात सेवा करके यह सिद्ध कर दिया है। इस प्रकार उन्होंने इस नोबेल प्रोफेशन को भी कायम रखा है, जिस प्रकार हम ईश्वर पर भरोसा करते हैं उसी प्रकार से बीमारी के वक्त हम डाक्टर पर भरोसा करते हैं। चिकित्सक दिवस पर समस्त चिकित्सकों को शुभकामनायें, किंतु अपने उत्तरदायित्वों का मान चिकित्सक को सदा रखना चाहिए। समाज के साथ जुड़कर पूर्ण भाव से सेवा भाव व सदभावना से मरीज को अपनी सेवा देना प्रत्येक चिकित्सक का परम कर्तव्य है।

डा0 दिग्विजय शर्मा, निदेशक, स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि कुलपति प्रो0 विनय कुमार पाठक के सरंक्षण में चिकित्सकों को सम्मानित करने का अवसर मिला है। उन्होने कहा कि डॉक्टर्स समाज की खुशहाली का सबसे आधारभूत अंग हैं। इनके समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा के कारण ही समाज स्वस्थ और समृद्धि हो पाता है। इस अवसर पर डा0 सुमन लता वर्मा एवं डा0 संगीता सारस्वत ने इस प्रोफेशन की गरिमा को बनाये रखने की अपेक्षा की। डा0 रेलू गहलोत, स्त्री रोग विशेषज्ञ ने कहा कि सम्मान व आभार हमेशा से ही डाक्टर्स को सोसाइटी के लिए सद्भावना के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। डा0 वर्षा प्रसाद ने सभी चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

डा0 दिग्विजय शर्मा, निदेशक, स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए डाक्टरों का सम्मान किया। उन्होंने डाक्टरों के प्रति अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डाक्टर्स समाज की खुशहाली का सबसे आधारभूत अंग हैं। इनके समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा के कारण ही समाज स्वस्थ और समृद्धि हो पाता है।

प्रति कुलपति प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी ने सर्वप्रथम डाक्टर्स डे पर सभी डाक्टरों को बधाई देते हुए अपने उद्गार कुछ इस तरह से व्यक्त किये ''ईश्वर के बाद हम सभी लोग डाक्टर को ही धरती पर ईश्वर मानते हैं'' कोरोना काल में डाक्टरों ने मरीजों की दिनों रात सेवा करके यह सिद्ध कर दिया है। इस प्रकार उन्होंने इस नोबेल प्रोफेशन को भी कायम रखा है, जिस प्रकार हम ईश्वर पर भरोसा करते हैं उसी प्रकार से बीमारी के वक्त हम डाक्टर पर भरोसा करते हैं। चिकित्सक दिवस पर समस्त चिकित्सकों को शुभकामनायें, किंतु अपने उत्तरदायित्वों का मान चिकित्सक को सदा रखना चाहिए। समाज के साथ जुड़कर के पूर्ण भाव से सेवा भाव व सदभावना से मरीज को अपनी सेवा देना प्रत्येक चिकित्सक का परम कर्तव्य है।



**सीएसजेएम विश्वविद्यालय में चिकित्सकों का किया सम्मान**

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर एकेडमिक में प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी ने चिकित्सकों को सम्मानित किया। डॉ. संगीता सारस्वत, डॉ. रेनू गहलोत, डॉ. वंदना पाठक, डॉ. सुमनलता वर्मा, डॉ. गरिमा शर्मा, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. विष्णु टंडन, डॉ. गौतम दत्ता, डॉ. अमित द्विवेदी, डॉ. अविनाश यादव, डॉ. वर्षा को सम्मानित किया गया। सभी ने डॉक्टरों का आभार जताया। (ब्यूरो)

इस अवसर पर डा0 सुमन लता वर्मा एवं डा0 संगीता सारस्वत ने भी अपने विचार व्यक्त किये व डाक्टरों को इस अवसर पर अपने इस प्रोफेशन की गरिमा को बनाये रखने की अपेक्षा की। सम्मान व आभार हमेशा से ही डाक्टर्स को सोसाइटी के लिए सद्भावना के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित करता है यह विचार डा0 रेलू गहलोत, स्त्री रोग विशेषज्ञ ने व्यक्त किया। उनके अनुसार समाज में स्वास्थ्य एवं खुशहाली डाक्टरों के सद्कार्यों, मरीजों की पूर्ण समर्पण भावना से सेवा करते हुए बीमारियों से मृत्यु दर पर काबू पाया जा सकता है। डा0 वर्षा प्रसाद ने आये हुए सभी सम्मानित चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समान किया।

# अगस्त, 2022

## 01. दिनांक 13 अगस्त, 2022 को स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस व गुरू तेग बहादुर हास्पिटल, कानपुर के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क स्वस्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर

दिनांक **13 अगस्त, 2022** दिन शनिवार को **आजादी के अमृत महोत्सव** के अंतर्गत छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के **कुलपति मा0 विनय कुमार पाठक जी** की अनुमति एवं प्रेरणा से **स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस व गुरू तेग बहादुर हास्पिटल, कानपुर के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क स्वस्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर** का आयोजन **स्वास्थ्य केन्द्र** में किया गया। इस शिविर का उद्घाटन **मुख्य अतिथि, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के प्रति–कुलपति प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी, विशिष्ठ अतिथि डा0 दीपक श्रीवास्तव, निदेशक, गुरू तेग बहादुर हास्पिटल, कानपुर, संस्थान के निदेशक, डा0 दिग्विजय शर्मा, सह निदेशक डा0 मुनीश रस्तोगी व वरिष्ठ गैस्ट्रो सर्जन डा0 विजयंत सचान** द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।






मुख्य अतिथि **प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी**, प्रतिकुलपति, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत विश्वविद्यालय 75 गावों को गोद लेकर उनमें विभिन्न प्रकार की सृजनात्मक गतिविधियाँ संचालित कर रहा है। मैं अपेक्षा करता रहा हूँ कि संस्थान गुरू तेग बहादुर हास्पिटल, कानपुर के साथ मिलकर इन गावों में इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविरों का आयोजन करें।

विशिष्ट अतिथि **डा0 दीपक श्रीवास्तव**, निदेशक, गुरू तेग बहादुर हास्पिटल, कानपुर ने शिविर के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में निःशुल्क बी.एम.डी. मशीन द्वारा शरीर में कैल्शियम की कमी, बी.पी., ब्लड शुगर, नेत्र जांच कर परामर्श हास्पिटल के वरिष्ठ चिकत्सकों डा0 **विजयंत सचान,** वरिष्ठ गैस्ट्रो सर्जन, **डा0 बी0के0 गुप्ता**, वरिष्ठ जनरल सर्जन, **डा0 मिलन सचान**, जनरल सर्जन, **डा0 प्रतीक सक्सेना**, जनरल फिजीशियन, **डा0 राहुल टिबरेवाल**, जनरल फिजीशियन, **डा0 शालिनी मोहन**, वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा दिया जायेगा।





अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान के निदेशक **डा0 दिग्विजय शर्मा** ने कहा कि हाल ही में संस्थान द्वारा जन–सामान्य को विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी सेवायें उपलब्ध कराने हेतु गुरू तेग बहादुर हास्पिटल,

कानपुर से मैमोरैण्डम आफ अण्डरस्टैण्डिंग किया गया है, जिसके क्रम में इस निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है।



## सीएसजेएमयू में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन

- 100 से अधिक लोगों की गई विभिन्न स्वास्थ्य जांच
- जाने-माने चिकित्सकों ने दिया स्वास्थ्य परामर्श

**प्रखर विकास, कानपुर।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत इन दिनों छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। कार्यक्रमों की श्रृखंला में स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस व गुरू तेग बहादुर हॉस्पिटल, कानपुर के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 100 से अधिक लोगों की विभिन्न प्रकार की जांचे की गई। वि.वि. प्रति कुलपति व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी ने कहा कि आजादी का 75वां अमृत महोत्सव भारत वर्ष के प्रत्येक नागरिक का है, तो इसका लाभ भी सभी को मिलना चाहिए। कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक की प्रेरणा से वि.वि. परिसर के साथ-साथ 75 गांवों में भी इस प्रकार के शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। जिससे समाज के ज्यादा से ज्यादा लोगो को जागरुक कर उन्हें उचित इलाज मुहिया कराया जा सके।

शिविर में आये लोगो की बी.एम.डी. मशीन द्वारा कैल्शियम, बी.पी., ब्लड शुगर व नेत्र का परीक्षण किया गया। इस दौरान हास्पिटल के वरिष्ठ चिकत्सकों डॉ. विजयंत सचान, वरिष्ठ गैस्ट्रो सर्जन, डॉ. बी.के. गुप्ता, वरिष्ठ जनरल सर्जन, डॉ. मिलन सचान, जनरल सर्जन, डॉ. प्रतीक सक्सेना, जनरल फिजीशियन, डॉ. राहुल टिबरेवाल, जनरल फिजीशियन, डॉ. शालिनी मोहन, वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा मरीजों को परामर्श दिया गया। विशिष्ट अतिथि डॉ. दीपक श्रीवास्तव, निदेशक, गुरू तेग बहादुर हॉस्पिटल, कानपुर ने शिविर में जानकारी देते हुए कई प्रकार की बीमारियों के प्रति जागरुक भी किया। संस्थान के निदेशक डॉ. दिग्विजय शर्मा ने वि.वि. कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक का आभार व्यक्त किया, जिनके कुशल मार्गदर्शन में इस प्रकार के शिविर समय-समय पर आयोजित किये जा रहें है। इस अवसर पर संस्थान के सह-निदेशक डॉ. मुनीश रस्तोगी, वरिष्ठ गैस्ट्रो सर्जन डॉ. विजयंत सचान, डॉ. वर्षा प्रसाद, डॉ. अजीत श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।



## सीएसजेएमयू में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन

अमन यात्रा ब्यूरो

- 100 से अधिक लोगों की गई विभिन्न स्वास्थ्य जांच
- जाने–माने चिकित्सकों ने दिया स्वास्थ्य परामर्श

कानपुरः आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत इन दिनों छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। कार्यक्रमों की श्रृखंला में स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस व गुरू तेग बहादुर हॉस्पिटल, कानपुर के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 100 से अधिक लोगों की विभिन्न प्रकार की जांचे की गई।

वि.वि. प्रति कुलपति व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी ने कहा कि आज़ादी का 75वां अमृत महोत्सव भारत वर्ष के प्रत्येक नागरिक का है, तो इसका लाभ भी सभी को मिलना चाहिए। कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक की प्रेरणा से वि.वि. परिसर के साथ-साथ 75 गांवों में भी इस प्रकार के शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। जिससे समाज के ज्यादा से ज्यादा लोगो को जागरुक कर उन्हें उचित इलाज मुहिया कराया जा सके।

शिविर में आये लोगो की बी.एम.डी. मशीन द्वारा कैल्शियम, बी.पी., ब्लड शुगर व नेत्र का परीक्षण किया गया। इस दौरान हास्पिटल के वरिष्ठ चिकत्सकों डॉ. विजयंत सचान, वरिष्ठ गैस्ट्रो सर्जन, डॉ. बी.के. गुप्ता, वरिष्ठ जनरल सर्जन, डॉ. मिलन सचान, जनरल सर्जन, डॉ. प्रतीक सक्सेना, जनरल फिज़ीशियन, डॉ. राहुल टिबरेवाल, जनरल फिज़ीशियन, डॉ. शालिनी मोहन, वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा मरीजों को परामर्श दिया गया।

विशिष्ट अतिथि डॉ. दीपक श्रीवास्तव, निदेशक, गुरू तेग बहादुर हॉस्पिटल, कानपुर ने शिविर में जानकारी देते हुए कई प्रकार की बीमारियों के प्रति जागरुक भी किया। संस्थान के निदेशक डॉ. दिग्विजय शर्मा ने वि.वि. कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक का आभार व्यक्त किया, जिनके कुशल मार्गदर्शन में इस प्रकार के शिविर समय-समय पर आयोजित किये जा रहें है।

इस अवसर पर संस्थान के सह-निदेशक डॉ. मुनीश रस्तोगी, वरिष्ठ गैस्ट्रो सर्जन डॉ. विजयंत सचान, डॉ. वर्षा प्रसाद, डॉ. अजीत श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

संस्थान के सह–निदेशक **डा0 मुनीश रस्तोगी** ने शिविर में आए हुए सभी अतिथियों, चिकित्सकों एवं जन–सामान्य को धन्यवाद ज्ञापित किया।

शिविर में **102 व्यक्तियों** का निःशुल्क बी.एम.डी. मशीन द्वारा शरीर में कैल्शियम की कमी, बी.पी., ब्लड शुगर व नेत्र का परीक्षण कर परामर्श दिया गया।

इस शिविर में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षकगण **डा0 वर्षा प्रसाद, डा0 अजीत श्रीवास्तव, डा0 विशाल अवस्थी, श्री चन्द्रशेखर कुमार, श्रीमती नेहा शुक्ला, डा0 के0के0 पाण्डेय, कु0 आकांक्षा बाजपेयी, श्री आदर्श कुमार श्रीवास्तव** आदि तथा विश्वविद्यालय के कर्मचारीगण व विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# सितम्बर, 2022

## 1. राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का किया गया शुभारंभ, दिनांक 01 सितम्बर, 2022

दिनांक 01 सितम्बर, 2022 को स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस के ह्यूमन न्यूट्रीशन विभाग के राष्ट्रीय पोषण का सप्ताह का शुभारम्भ किया गया, जिसमें विभाग के सभी छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी, प्रतिकुलपति, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर, मुख्य वक्ता डा0 संगीता सारस्वत, वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ, डा0 रश्मि सिंह, फूड साइंस एण्ड न्यूट्रीशन विभाग, एसो0 प्रोफेसर, सी0एस0ए0 यूनिर्सिटी, कानपुर, संस्थान के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा, सह निदेशक डा0 मुनीश रस्तोगी, डा0 अनामिका दीक्षित व डा0 अमीना जैदी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।






संस्थान के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा ने सभी अतिथिगणों का तुलसी पादप व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी, प्रति कुलपति, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाने के पीछे उद्देश्य है कि लोग अपनी हेल्थ व खान–पान को लेकर जागरूक हों।



**सीएसजेएमयू में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का किया शुभारंभ**

**प्रखर विकास, कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में गुरुवार से राष्ट्रीय पोषण सप्ताह शुभारंभ किया गया। स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस के ह्यूमन न्यूट्रीशन विभाग में प्रति कुलपति प्रो सुधीर कुमार अवस्थी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम में प्रति कुलपति ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाने के पीछे उद्देश्य है कि लोग अपनी हेल्थ व खान-पान को लेकर जागरूक हों। संस्थान के निदेशक, डा0 दिग्विजय शर्मा ने बताया कि न्यूट्रीयशन एक बुनियादी आवश्यकता है जो कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए बेहद जरूरी है। मुख्य वक्ता डा0 संगीता सारस्वत एवं विशिष्ट वक्ता डा0 रश्मि सिंह ने पोषण के प्रति जागरूक किया एवं मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक स्वास्थ्य के बारे में बताया। सह निदेशक डा0 मुनीश रस्तोगी ने बताया कि पोषण सप्ताह कार्यक्रम 07 सितम्बर तक संस्थान में मनाया जायेगा, जिसमें तरह-तरह की प्रतियोगितायें जैसे-रेसिपी प्रतियोगिता, क्विज व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी व डाइट काउंसलिंग कैम्प भी लगाया जायेगा। सहआचार्या डा0 आमेना जैदी व डा0 अनामिका दीक्षित ने पौष्टिक एवं स्वस्थ आहार पर छात्रों को जागरूक किया। इस अवसर पर डा0 नेहा शुक्ला, डा0 चन्द्रशेखर कुमार, डा0 के0के0 पाण्डेय, डा0 आंकाक्षा बाजपेयी, डा0 हिना वैश, डा0 आदर्श श्रीवास्तव, डा0 सौमित्र महेन्द्र आदि उपस्थित रहे।



**छात्रों को बताया संतुलित व पौष्टिक आहार का महत्व**

**जागरूकता**

● सीएसजेएमयू में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह की हुई शुरुआत

**अमृत विचार, कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में गुरुवार से राष्ट्रीय पोषण सप्ताह शुरू हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं को संतुलित और पौष्टिक आहार को लेकर जागरूक किया गया। उन्हें सेहतमंद रहने के टिप्स दिए गए।

स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेज के ह्यूमन न्यूट्रिशन विभाग में प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। प्रति कुलपति ने कहा कि राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाने का उद्देश्य है कि लोग स्वास्थ्य और खानपान को लेकर जागरूक हों। संस्थान के निदेशक डॉ. दिग्विजय शर्मा ने बताया कि न्यूट्रिशन एक बुनियादी आवश्यकता है जो कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए बेहद जरूरी है। डॉ. संगीता सारस्वत और विशिष्ट वक्ता डॉ. रश्मि सिंह ने पोषण के प्रति जागरूक किया। मानसिक, शारीरिक और सामाजिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। सह निदेशक डॉ. मुनीश रस्तोगी ने बताया कि पोषण सप्ताह कार्यक्रम सात सितंबर तक मनाया जायेगा। कई तरह की प्रतियोगिताएं होंगी, जिसमें रेसिपी, क्विज और पोस्टर प्रतियोगिता शामिल हैं।

संस्थान के निदेशक, डा0 दिग्विजय शर्मा ने बताया कि न्यूट्रीयशन एक बुनियादी आवश्यकता है जो कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए बेहद जरूरी है।

मुख्य वक्ता डा0 संगीता सारस्वत एवं डा0 रश्मि सिंह ने पोषण के प्रति जागरूक किया एवं मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक स्वास्थ्य के बारे में बताया।

इस अवसर पर विभाग की सहआचार्या डा0 आमेना जैदी व डा0 अनामिक दीक्षित ने पौष्टिक एवं स्वस्थ आहार पर छात्रों को जागरूक करने हेतु सम्बोधित किया।

यह कार्यक्रम आज से 07 सितम्बर तक संस्थान में मनाया जायेगा, जिसमें तरह–तरह की प्रतियोगितायें जैसे–रेसिपी प्रतियोगिता, क्विज व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी व डाइट काउंसलिंग कैम्प भी लगाया जायेगा।

इस अवस पर संस्थान क अन्य शिक्षक डा0 नेहा शुक्ला, डा0 चन्द्रशेखर कुमार, डा0 के0के0 पाण्डेय, डा0 आंकाक्षा बाजपेयी, डा0 हिना वैश, डा0 आदर्श श्रीवास्तव, डा0 सौमित्र महेन्द्र आदि उपस्थित रहे।

## 2. 07 सितम्बर, 2022 को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर एवं गहलोत हेल्थ केयर प्रा0लि0, कानपुर के मध्य मेमोरैण्डम आफ अण्डरस्टैण्डिंग

दिनांक 07 सितम्बर, 2022 को मा0 कुलपति महोदय प्रो0 विनय कुमार पाठक जी की प्रेरणा से एक मेमोरैण्डम आफ अण्डरस्टैण्डिंग छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर एवं गहलोत हेल्थ केयर प्रा0लि0, कानपुर के बीच स्थापित हुआ। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के मा0 कुलपति महोदय एवं गहलोत हेल्थ केयर प्रा0लि0, कानपुर की निदेशक डा0 रेनू सिंह गहलोत, स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा एवं डा0 मुनीश रस्तोगी, डा0 वर्षा प्रसाद, डा0 प्रवीन कटियार, श्री चन्द्रशेखर कुमार, श्रीमती नेहा शुक्ला, डा0 राम किशोर, कु0 हिना वैश, कु0 आकांक्षा बाजपेयी आदि उपस्थित थे।




इस एम0ओ0यू के अंतर्गत स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस में अध्ययनरत फिजियोथिरैपी, मेडिकल लैबोरेट्री टेक्नोलॉजी, आप्टोमेट्री, मेडिकल माइक्रोबायोलाजी एवं हयूमन न्यूट्रीशन के विद्यार्थियों को क्लीनिकल एक्सपोजर का लाभ मिलेगा व मरीजों के साथ उनका बेहतर ताल–मेल स्थापित होगा। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर, मा0 कुलपति महोदय के दिशा–निर्देशों के अनुसार छात्र हित में नित–निरंतर विभिन्न संस्थानों से एम0ओ0यू0 कर रहा है, ताकि छात्रों को क्लीनिकल एक्सपोजर/वर्क एक्सपोजर मिल सके। स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस में रेडियोलॉजी और आप्टोमेट्री कोर्स के पैरामेडिकल कोर्सेस इसी सत्र से प्रारम्भ हुए हैं, जिसमें रेडियोलॉजी की सभी सीट्स पहले ही सत्र में भर चुकी हैं केवल आप्टोमेट्री में कुछ सीटें रिक्त बची हैं। दोनों कोर्सों को संचालित करने हेतु उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी से अनुमति मिल चुकी है। वर्तमान एवं भविष्य में मेडिकल फील्ड के इन क्षेत्रों में काफी संभावनायें हैं।

# हेल्थ सेक्टर में सीएसजेएमयू और गहलोत हेल्थ केयर मिलकर करेंगे काम

अमन यात्रा ब्यूरो

**दोनों संस्थानों के मध्य एमओयू साइन किया गया**



कानपुरः हेल्थ सेक्टर में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय एवं गहलोत हेल्थ केयर प्रा0लि0, कानपुर मिलकर काम करेंगे। दोनों संस्थानों ने इस मसौदे पर आपसी सहमति जताते हुए बुधवार को एमओयू साइन किया। कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक और गहलोत हेल्थ केयर प्रा0लि0, कानपुर की निदेशक डा0 रेनू सिंह गहलोत ने मैमोरेंडम ऑफ अंडरस्टेंडिंग पर हस्ताक्षर किए।

विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ अकेडमिक भवन में हुए कार्यक्रम में कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने दोनों संस्थानों के मध्य हुए एमओयू पर प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि इससे छात्रों को लाभ होगा। स्कूल आफहेल्थ साइंसेस के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा ने बताया कि इस एमओयू के अंतर्गत छात्र-छात्राएं को फिजियोथिरैपी, मेडिकल लैबोरेट्री टेक्नोलॉजी, आप्टोमेट्री, मेडिकल माइक्रोबायोलाजी एवं ह्यूमन न्यूट्रीशन के विद्यार्थियों को क्लीनिकल एक्सपोजर का लाभ मिलेगा व मरीजों के साथ उनका बेहतर ताल-मेल स्थापित होगा।एमओयू के माध्यम से छात्रों को क्लीनिकल एक्सपोजर,वर्क एक्सपोजर मिल सकेगा। स्कूल आफहेल्थ साइंसेस में रेडियोलॉजी और आप्टोमेट्री कोर्स के पैरामेडिकल कोर्सेस इसी सत्र से प्रारम्भ भी हुए हैं, जिसमें रेडियोलॉजी की सभी सीट्स पहले ही सत्र में भर चुकी हैं केवल आप्टोमेट्री में कुछ सीटें रिक्त बची हैं। दोनों कोर्सो को संचालित करने हेतु उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी से अनुमति मिल चुकी है। गहलोत हेल्थ केयर प्रा0लि0, कानपुर की निदेशक डा0 रेनू सिंह गहलोत ने इस मौके पर कहा कि विश्वविद्यालय के साथ मिलकर कार्य करना गौरव का विषय है। उन्होंने संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ वर्षा प्रसाद ने बताया कि गहलोत हेल्थ केयर प्रा0लि0, कानपुर से एमओयू से मेडिकल लैबोरेट्री टेक्नोलॉजी के छात्र एवं छात्राओं को हिस्टोपैथोलॉजी एवं विशेषकर पैप स्मीयिर, सैम्पल कलेक्शन का क्लीनिकल अनुभव होगा। इस अवसर पर डा0 मुनीश रस्तोगी, डा0 प्रवीन कटियार, चन्द्रशेखर कुमार, नेहा शुक्ला, डा0 राम किशोर, हिना वैश, आकांक्षा बाजपेयी आदि उपस्थित रहे।

# अब हेल्थ सेक्टर में परफेक्ट होंगे स्टूडेंट्स



**सीएसजेएमयू और गहलोत हेल्थ केयर संस्थान के बीच हुआ एमओयू साइन**

kanpur@inext.co.in

**KANPUR (7 Sept):** सीएसजेए यूनिवर्सिटी में मेडिकल लैबोरेट्री टेक्नोलाजी के स्टूडेंट्स को हिस्टोपैथोलाजी, पैप स्मीयर में कैंसर के शुरुआती लक्षणों की जांच व सैंपल कलेक्शन एक्सपीरियंस लेंगे. इसके लिए सीएसजेएमयू के वीसी प्रो. विनय कुमार पाठक व गहलोत हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक डा. रेनू सिंह गहलोत ने वेडनेस डे को एमओयू साइन किया है.

**एक्सपोजर का लाभ**

स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस के निदेशक डा. दिग्विजय शर्मा ने बताया कि इस एमओयू से स्टूडेंट्स को मेडिकल लैबोरेट्री टेक्नोलाजी, फिजियोथिरैपी, आप्टोमेट्री, मेडिकल माइक्रोबायोलाजी एवं ह्यूमन न्यूट्रीशन के स्टूडेंट्स को क्लीनिकल एक्सपोजर का लाभ होगा. पेशेंट्स के साथ उनका बेहतर सामंजस्य स्थापित होगा. इस मौके पर असिस्टेंट प्रोफेसर डा. वर्षा प्रसाद, डा. मुनीश रस्तोगी, डा. प्रवीन कटियार, चन्द्रशेखर कुमार मौजूद रहे.

गहलोत हेल्थ केयर प्रा0लि0, कानपुर की निदेशक डा0 रेनू सिंह गहलोत ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वे विश्वविद्यालय के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस से एम0ओ0यू0 करके बेहद गौरांवित अनुभव कर रही हैं। उन्होंने संस्थान द्वारा पूर्व में किये गये कार्यों एवं वर्तमान में चल रहे पाठ्यक्रमों की प्रशंसा की। स्कूल आफ हेल्थ साइसेंस के सभी पैरामेडिकल कोर्स रोजगारपरक व वर्तमान में पैरामेडिकल स्टाफ की कमी को देखते हुए इस तरह के पैरामेडिकल स्टाफ की मेडिकल फील्ड में मांग है।

स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। निदेशक महोदय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि उनके लिए यह गर्व एवं हर्ष का विषय है कि छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर एवं गहलोत हेल्थ केयर प्रा0लि0, कानपुर के साथ मेमोरैण्डम आफ अण्डरस्टैण्डिंग हो रहा है।

संस्थान की असि0 प्रोफेसर डा0 वर्षा प्रसाद ने बताया कि गहलोत हेल्थ केयर प्रा0लि0, कानपुर से एम0ओ0यू0 से मेडिकल लैबोरेट्री टेक्नोलॉजी के छात्र एवं छात्राओं को हिस्टोपैथोलॉजी एवं विशेषकर पैप स्मीयिर, सैम्पल कलेक्शन का क्लीनिकल अनुभव होगा।

**3. <u>08 सितम्बर, 2022, फिजियोथिरैपी डे</u>**

दिनांक 08 सितम्बर, 2022 को वर्ल्ड फिजियोथिरैपी डे के अवसर पर छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस में वर्ल्ड फिजियोथिरैपी डे धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल आफ हेल्थ सांसेस के फिजियोथिरैपी के सभी छात्र एवं छात्राओं ने अनेकानेक अकादमिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया।

माननीय यशस्वी कुलपति प्रो0 विनय कुमार पाठक जी के प्रेरणा से छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के स्कूल आफ हेल्थ सांसेस में वर्ल्ड फिजियोथिरैपी डे आयोजित किया गया। इस वर्ष वर्ल्ड फिजियोथिरैपी डे की थीम Osteoarthritis and Role of Physiotherapist है। वर्तमान के खान–पान एवं जीवन शैली से उत्पन्न इस रोग में एक फिजियोथिरैपिस्ट महत्वपूर्ण भूमिका को स्थापित करता है। वर्तमान में लगभग 53 करोड़ लोग पूरे विश्व में इस समस्या से ग्रसित हैं।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा ने बताया कि एक फिजियोथिरैपिस्ट का गठिया की बीमारी में बेहद अहम रोल है। इस बीमारी में फिजियोथिरैपिस्ट का बीमारी के पूर्व एवं बीमारी के बाद या बीमारी अपना गंभीर रूप ले ले तो जोड़ों के आपरेशन के बाद भी फिजियोथिरैपिस्ट का रोल अहम होता है। उन्होंने यह भी बताया कि इस रोग की बीमारी के रोकथाम में फिजियोथिरैपी बेहद उपयोगी है। फिजियोथिरैपी के उपयोग से मरीज बिना दर्द एवं आपरेशन के बिना भी इस बीमारी के साथ वर्षों तक चलने फिरने में सक्षम रह सकता है।



सीएसजेएमयू के स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेज में वर्ल्ड फिजियोथिरैपी डे का आयोजन

कानपुर। वर्ल्ड फिजियोथिरैपी डे के अवसर पर छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस में भव्य आयोजन किया गया। स्टूडेंट्स ने अपने टीचर्स के साथ वर्ल्ड फिजियोथिरैपी डे धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर स्कूल आफ हेल्थ सांइसेज के फिजियोथिरैपी के सभी छात्र एवं छात्राओं ने अनेकानेक अकादमिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। कुलपति प्रो0 विनय कुमार पाठक की प्रेरणा से छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के स्कूल आफ हेल्थ सांसेस में गुरुवार को वर्ल्ड फिजियोथिरैपी डे आयोजित किया गया। वर्तमान के खान-पान एव इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा ने बताया कि एक फिजियोथिरैपिस्ट का गठिया की बीमारी में बेहद अहम रोल है। इस बीमारी में फिजियोथिरैपिस्ट का बीमारी के पूर्व एवं बीमारी के बाद या बीमारी अपना गंभीर रूप ले ले तो जोड़ों के आपरेशन के बाद भी फिजियोथिरैपिस्ट का रोल अहम होता है। उन्होंने यह भी बताया कि इस रोग की बीमारी के रोकथाम में फिजियोथिरैपी बेहद उपयोगी है। फिजियोथिरैपी के उपयोग से मरीज बिना दर्द एवं आपरेशन के बिना भी इस बीमारी के साथ वर्षों तक चलने फिरने में सक्षम रह सकता है। इस अवसर पर असि0 प्रोफेसर डा0 वर्षा प्रसाद ने बताया कि वर्तमान में मेडिकल प्रोफेशन के साथ साथ फिजियोथिरैपी एक पैरेलल ब्रांच के रूप में विकसित हो गयी है। संस्थान के असि0 डायेरेक्टर डा0 मुनीश रस्तोगी ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्द्धन किया।

इस अवसर पर असि0 प्रोफेसर डा0 वर्षा प्रसाद ने बताया कि वर्तमान में मेडिकल प्रोफेशन के साथ साथ फिजियोथिरैपी एक पैरेलल ब्रांच के रूप में विकसित हो गयी है। भविष्य की मेडिकल संभावनाओं को देखते हुए फिजियोथिरैपी मेडिकल के क्षेत्र में नित नये कीर्तिमान स्थापित कर रही है। भारत में गठिया बीमारी के बढ़ते स्वरूप के साथ ही लोगों में फिजियोथिरैपी के प्रति जागरूकता बढ़ी है। वर्तमान एवं भविष्य में मेडिकल के विभिन्न क्षेत्रों में Gynaecology, Post Surgery, Paediatrics एवं आदि सभी ब्रांचेज में फिजियोथिरैपी की निरंतर आवश्यकता हो रही है।

## सीएसजेएमयू के स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेज में वर्ल्ड फिजियोथिरैपी डे का आयोजन

अमन यात्रा ब्यूरो



कानपुरः वर्ल्ड फिजियोथिरैपी डे के अवसर पर छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस में भव्य आयोजन किया गया। स्टूडेंट्स ने अपने टीचर्स के साथ वर्ल्ड फिजियोथिरैपी डे धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर स्कूल आफ हेल्थ सांइसेज के फिजियोथिरैपी के सभी छात्र एवं छात्राओं ने अनेकानेक अकादमिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया।

कुलपति प्रो0 विनय कुमार पाठक की प्रेरणा से छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के स्कूल आफ हेल्थ सांसेस में गुरुवार को वर्ल्ड फिजियोथिरैपी डे आयोजित किया गया। इस वर्ष वर्ल्ड फिजियोथिरैपी डे की थीम ेजमवंतजीतपजपे ंदक त्वसम वि चीलेपवजीमतंचपेज है। वर्तमान के खान-पान एवं जीवन शैली से उत्पन्न इस रोग में एक फिजियोथिरैपिस्ट महत्वपूर्ण भूमिका को स्थापित करता है। वर्तमान में लगभग 53 करोड़ लोग पूरे विश्व में इस समस्या से ग्रसित हैं।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा ने बताया कि एक फिजियोथिरैपिस्ट का गठिया की बीमारी में बेहद अहम रोल है। इस बीमारी में फिजियोथिरैपिस्ट का बीमारी के पूर्व एवं बीमारी के बाद या बीमारी अपना गंभीर रूप ले ले तो जोड़ों के आपरेशन के बाद भी फिजियोथिरैपिस्ट का रोल अहम होता है। उन्होंने यह भी बताया कि इस रोग की बीमारी के रोकथाम में फिजियोथिरैपी बेहद उपयोगी है। फिजियोथिरैपी के उपयोग से मरीज बिना दर्द एवं आपरेशन के बिना भी इस बीमारी के साथ वर्षों तक चलने फिरने में सक्षम रह सकता है।

इस अवसर पर असि0 प्रोफेसर डा0 वर्षा प्रसाद ने बताया कि वर्तमान में मेडिकल प्रोफेशन के साथ साथ फिजियोथिरैपी एक पैरेलल ब्रांच के रूप में विकसित हो गयी है। भविष्य की मेडिकल संभावनाओं को देखते हुए फिजियोथिरैपी मेडिकल के क्षेत्र में नित नये कीर्तिमान स्थापित कर रही है। भारत में गठिया बीमारी के बढ़ते स्वरूप के साथ ही लोगों में फिजियोथिरैपी के प्रति जागरूकता बढ़ी है। वर्तमान एवं भविष्य में मेडिकल के विभिन्न क्षेत्रों में ब्लदंमबवसवहल, च्वेज ैनतहमतल, चेमकपंजतपबे एवं आदि सभी ब्रांचेज में फिजियोथिरैपी की निरंतर आवश्यकता हो रही है।

संस्थान के असि0 डायेरेक्टर डा0 मुनीश रस्तोगी ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्द्धन करते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं रोग में फिजियोथिरैपी के महत्वपूर्ण योगदान को उल्लेखित किया। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षकण चन्द्रशेखर कुमार, नेहा शुक्ला, आकांक्षा बाजपेयी, हिना वैश, डा0 राम किशोर, डा0 कौशलेन्द्र कुमार पाण्डेय एवं आई.ए.पी. कानपुर चैप्टर के अध्यक्ष डा0 अमित मिश्रा उपस्थित रहे।

संस्थान के असि0 डायेरेक्टर डा0 मुनीश रस्तोगी ने छात्र–छात्राओं का उत्साहवर्द्धन करते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं रोग में फिजियोथिरैपी के महत्वपूर्ण योगदान को उल्लेखित किया।
इस अवसर पर संस्थान के शिक्षकण श्री चन्द्रशेखर कुमार, श्रीमती नेहा शुक्ला, कु0 आकांक्षा बाजपेयी, कु0 हिना वैश, डा0 राम किशोर, डा0 कौशलेन्द्र कुमार पाण्डेय एवं आई.ए.पी. कानपुर चेप्टर के अध्यक्ष डा0 अमित मिश्रा उपस्थित रहे। फिजियोथिरैपी संस्थान की सभी छात्र छात्रायें इस अवसर पर बेहद गौरान्वित महसूस कर रहे थे।

# <u>अक्टूबर, 2022</u>

## 1. 02 अक्टूबर, 2022, निःशुल्क 'आरोग्यम् पालीक्लीनिक' का उद्घाटन

दिनांक 02 अक्टूबर, 2022, दिन रविवार को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस में 'आरोग्यम् पालीक्लीनिक' का उद्घाटन यशस्वी माननीय कुलपति प्रो0 विनय कुमार पाठक जी ने देश के जाने–माने हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डा0 ए0एस0 प्रसाद, नेत्र रोग विशेषज्ञ डा0 अवध दुबे, आयुर्वेदाचार्य डा0 निरंकार गोयल, डा0 वंदना पाठक, विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसचिव डा0 अनिल कुमार यादव, प्रो0 संजय स्वर्णकार के साथ दीप प्रज्जवलन एवं फीता काटकर किया।

इस अवसर पर मा0 कुलपति महोदय ने सर्वप्रथम आरोग्यम् पालीक्लनिक में सेवा देने वाले सभी चिकित्सकों और संस्थान के निदेशक, डा0 दिग्विजय शर्मा व सहायक निदेशक डा0 मुनीश रस्तोगी सहित संस्थान के सभी शिक्षकों/कर्मचारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आरोग्यम पालीक्लीनिक में एक छत के नीचे चिकित्सा की कई विधाओं के माध्यम से जन सामान्य को स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि सेवा मनुष्य के जीवन का सर्वोपरि धर्म है। इतिहास साक्षी है कि न जाने कितने धनवान व्यक्ति आये और चले गये, जिनको कोई नहीं जानता परंतु सेवा के माध्यम से जन सामान्य को प्रेरणा देने वाले नानक, तुलसी, सूर, कबीर, बुद्ध, महावीर, विवेकानंद आज भी प्रेरणादायी हैं। देश धन से नहीं सेवा से महान बनता है, जिस देश के युवा सेवा को अपना धर्म मानेंगे वह देश निश्चित ही महान बनेगा। देश जी.एन.एच. (ग्राउण्ड नेशनल हैप्पीनेस) से महान बनता है, जी.डी.पी. से नहीं। उन्होंने कहा कि सेवा देने वाले जाति–धर्म, क्षेत्र आदि का भेद नहीं मानते, उनके लिए सेवा ही सर्वोपरि है।

वरिष्ठ चिकित्सक डा0 ए0एस0 प्रसाद एवं डा0 अवध दुबे ने अपने विचार करते हुए कहा कि पैरामेडिकल मेडिकल सेवा का अभिन्न अंग है। आप सभी पैरामेडिकल की छात्र–छात्राओं को अपने कैरियर के साथ–साथ सेवा कार्य को भी प्रधानता देनी चाहिए। सेवा से मिलने वाली प्रसन्नता का कोई विकल्प नहीं है।

वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डा0 वंदना पाठक ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आरोग्यम् पालीक्लीनिक विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही चिकित्सा क्षेत्र की अपने–आप में अद्वितीय सेवा है, जिसके अंतर्गत आधुनिक चिकित्सा पद्धति के साथ–साथ आयुर्वेद, योग, होम्योपैथ आदि की सेवायें जनसामान्य को उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद का उद्देश्य स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा और रोगी को रोग से मुक्त कराना है।

विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि लंकाधिपति रावण के राजवैद्य सुसेन द्वारा लक्ष्मण की चिकित्सा मना करने पर भगवान राम ने चिकित्सकों के धर्म का उपदेश दिया है, जिसका सार यही है कि चिकित्सकों को दुश्मनी–दोस्ती, गरीबी–अमीरी, जाति–धर्म आदि का कोई भेद नहीं करना चाहिए।

इस अवसर पर वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डा0 निरंकार गोयल, गुरू तेग बहादुर हास्पिटल, कानपुर के निदेशक डा0 दीपक श्रीवास्तव, संस्थान के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा, सहायक निदेशक डा0 मुनीश रस्तोगी आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

आज आरोग्यम पालीक्लीनिक में निम्न चिकित्सकों का मा0 कुलपति महोदय द्वारा स्वागत किया गया एवं उन्होंने निःशुल्क परामर्श दिया और संस्थान से निःशुल्क दवायें प्राप्त कीं। इसके साथ ही साथ सभी मरीजों को केला, सेब का भी निःशुल्क वितरण किया गया।

1. डा0 ए0एस0 प्रसाद, वरिष्ठ हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
2. डा0 अवध दुबे, वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ
3. डा0 निरंकार गोयल, वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य
4. डा0 वंदना पाठक, वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य
5. डा0 संगीता सारस्वत, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
6. डा0 दीपक श्रीवास्तव, हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
7. डा0 साइनी सेठी, शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
8. डा0 दिनकर पाण्डया, होम्यौपैथिक चिकित्सक
9. डा0 प्रियंका शुक्ला, मनोरोग विशेषज्ञ
10. डा0 राहुल टेबरीबाल, जनरल फिजीशियन
11. डा0 अभिनव, कुशवाहा, दंत रोग विशेषज्ञ

12. डा0 राहुल कपूर, शिशु हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
13. डा0 कौस्तुभ गुप्ता, सर्जन
14. डा0 राम किशोर, योग चिकित्सक

आरोग्यम पालीक्लीनिक में आज से निर्धारित चिकित्सक अपने निर्धारित दिन एव समय के अनुसार निरंतर अपनी सेवायें प्रदान करेंगे।

इस अवसर पर स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस के वरिष्ठ शिक्षक डा0 वर्षा प्रसाद, डा0 चन्द्रशेखर कुमार, डा0 के0के0 पाण्डेय, डा0 सौमित्र महेन्द्र, डा0 राम किशोर, डा0 आदर्श कुमार श्रीवास्तव, डा0 हिना वैश, डा0 आकांक्षा बाजपेयी आदि उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा0 अनिल कुमार यादव जी ने आरोग्यम् पालीक्लीनिक में सेवा देने वाले सभी चिकित्सकों, मा0 कुलपति महोदय, प्रति कुलपति महोदय, संस्थान के शिक्षक/कर्मचारियों, छात्र–छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मा0 कुलपति महोदय के दिशा निर्देशन एवं प्रेरणा से विश्वविद्यालय, शैक्षणिक कार्यों के साथ–साथ निरंतर सेवा कार्यों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## 1. दिनांक 25.11.2022, स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

आज दिनांक 25 नवम्बर, 2022 दिन शुक्रवार को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस और एच.डी.एफ.सी. बैंक के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय के मा0 प्रतिकुलपति प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी, संस्थान के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा, सहायक निदेशक डा0 मुनीश रस्तोगी, एच.डी.एफ.सी. बैंक की सिटी हेड (कानपुर आपरेशन्स) सुश्री वसुधा खेमका, एच.डी.एफ.सी. बैंक के गवर्नमेंट रिलेशनशिप मैनेजर श्री राजीव मिश्रा आदि ने संस्थान के स्वास्थ्य केन्द्र में दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया।

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में बैंक के अधिकारियों/कर्मचारियों, छात्र—छात्राओं, शिक्षकों आदि ने बढ़—चढ़कर भाग लिया और लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।




इस अवसर पर मा0 प्रतिकुलपति महोदय ने एच.डी.एफ.सी. बैंक के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया और रक्तदाताओं को प्रमाण—पत्र एवं पुष्टाहार देकर सम्मानित किया। मा0 प्रतिकुलपति महोदय ने कहा कि प्राइवेट संस्थाओं का इस प्रकार के सामाजिक कार्यों में बढ़—चढ़ कर हिस्सा लेना बहुत पुनीत कार्य है। इस रक्तदान शिविर से न जाने कितनी लोगों को जीवनदान प्राप्त होगा। शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तदाता मुख्य रूप से सम्माननीय हैं।

एच.डी.एफ.सी. बैंक की सिटी हेड (कानपुर आपरेशन्स) सुश्री वसुधा खेमका ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मेरे लिए यह सौभाग्य की बात है कि छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस के संयुक्त तत्वावधान में यह स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित हो रहा है।

संस्थान के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा जी ने मा0 प्रतिकुलपति महोदय प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी, एच.डी.एफ.सी. बैंक की सिटी हेड (कानपुर आपरेशन्स) सुश्री वसुधा खेमका, एच.डी.एफ.सी. बैंक के गवर्नमेंट रिलेशनशिप मैनेजर श्री राजीव मिश्रा, समस्त रक्तदाताओं एवं शिविर में शामिल अन्य बैंक के अधिकारी/कर्मचारीगण, संस्थान के समस्त शिक्षक एवं छात्र—छात्राओं आदि के प्रति आभार व्यक्त किया।



शाश्वत टाइम्स
हिन्दी दैनिक

कानपुर समाचार — 26 नवम्बर 2022 — 3

**स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन**

**दर्जनों शिक्षाकर्मियों एवं छात्र ने हिस्सा लिया**

कानपुर। शुक्रवार को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस और एच.डी.एफ.सी. बैंक के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी, संस्थान के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा, सहायक निदेशक डा0 मुनीश रस्तोगी, एच.डी.एफ.सी. बैंक की सिटी हेड (कानपुर आपरेशन्स) सुश्री वसुधा खेमका, एच.डी.एफ.सी. बैंक के गवर्नमेंट रिलेशनशिप मैनेजर राजीव मिश्रा आदि ने संस्थान के स्वास्थ्य केन्द्र में दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में बैंक के अधिकारियों/कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं, शिक्षकों आदि ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस अवसर पर मा0 प्रतिकुलपति महोदय ने एच.डी.एफ.सी. बैंक के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया और रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र एवं पुष्टाहार देकर सम्मानित किया। प्रतिकुलपति ने कहा कि प्राइवेट संस्थाओं का इस प्रकार के सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना बहुत पुनीत कार्य है। इस रक्तदान शिविर से न जाने कितनी लोगों को जीवनदान प्राप्त होगा। शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तदाता मुख्य रूप से सम्माननीय हैं। एच.डी.एफ.सी. बैंक की सिटी हेड (कानपुर आपरेशन्स) सुश्री वसुधा खेमका ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मेरे लिए यह सौभाग्य की बात है कि छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस के संयुक्त तत्वावधान में यह स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित हो रहा है। संस्थान के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा ने प्रतिकुलपति प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी, एच.डी.एफ.सी. बैंक की सिटी हेड (कानपुर आपरेशन्स) वसुधा खेमका, एच.डी.एफ.सी. बैंक के गवर्नमेंट रिलेशनशिप मैनेजर राजीव मिश्रा, समस्त रक्तदाताओं एवं शिविर में शामिल अन्य बैंक के अधिकारी/कर्मचारीगण, संस्थान के समस्त शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं आदि के प्रति आभार व्यक्त किया। इस स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में समीक्षा, खुशबू, अंशिका, मनोज, सतीश, रंजीता कुमारी आदि रहे।



इस स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में समीक्षा, खुशबू, अंशिका, मनोज, सतीश, रंजीता कुमारी, प्रखर, आरूषि, आकांक्षा, शुभम्, अक्षय कुमार, विशाल, सूर्य प्रकाश, गगन एवं राजीव आदि ने रक्तदान किया।

इस अवसर पर स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस के शिक्षक श्री चन्द्रशेखर कुमार, डा0 के0के0 पाण्डेय, डा0 राम किशोर, सुश्री हिना वैश, सुश्री आकांक्षा बाजपेयी, श्री आदर्श कुमार श्रीवास्तव, डा0 अनामिका दीक्षित, कु0 आमेना जैदी उपस्थित रहे।

## माह–दिसम्बर, 2022

### 1. दिनांक 02.12.2022, योग व्याख्यान

**वक्ता – डा0 निधीष यादव, योग संकाय, पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार।**

आज दिनांक 02 दिसम्बर, 2022 दिन शुक्रवार को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस सभागार में ''वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हठयोग के व्यवहारिक पक्ष'' विषय पर **डा0 निधीष यादव, योग संकाय, पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार** ने उपस्थित छात्र–छात्राओं और शिक्षकों के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत किए।


शाश्वत टाइम्स
हिन्दी दैनिक
कानपुर समाचार
03 दिसम्बर 2022 3

**योग पर व्यापक शोध की संभावनाएं हैं**

**सीएसजेयू में हठ योग के व्यवहारिक पक्ष पर व्याख्यान का आयोजन**

कानपुर। शुक्रवार को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस सभागार में ''वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हठयोग के व्यवहारिक पक्ष'' विषय पर डा0 निधीष यादव, योग संकाय, पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार ने उपस्थित छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा द्वारा मुख्य वक्ता को अंगवस्त्र एवं तुलसी पादप भेंट के साथ हुआ। संस्थान के सहायक योगाचार्य डा0 राम किशोर जी ने बताया कि डा0 निधीष यादव, राष्ट्रीय योग संस्थान मोरारजी देसाई, कैवल्य धाम आदि देश के जाने-माने योग संस्थानों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं और वर्तमान में पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार में अपनी सेवायें प्रदान कर रहे हैं। मुख्य वक्ता डा0 निधीष यादव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि योग विषय में व्यापक शोध की संभावनाएं विद्यमान हैं। छात्रों को इस विषय में नये अनुसंधान करने के लिए सर्वप्रथम योगिक ग्रंथों का अध्ययन और उनके वैज्ञानिक प्रस्तुतीकरण पर जोर देना चाहिए। यही समय की मांग है। ग्रंथों में योग के जो भी सूत्र प्रतिपादित हैं उन्हें रोजमर्रा की जिंदगी में कैसे उपयोगी बनाया जा सकता है, इस विषय पर उन्होंने जोर दिया। उन्होंने पश्चिमोत्तान आसन, ताड़ आसन आदि की पारंपरिक विधि और उसके वैज्ञानिक एवं व्यवहारिक पक्ष को बहुत ही सरलता एवं रोचकपूर्ण ढंग से विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में हरीश शर्मा ने डा0 यादव, उपस्थित सभी शिक्षकगण और छात्र-छात्राओं के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। आज के इस व्याख्यान में संस्थान के सहायक निदेशक डा0 मुनीश रस्तोगी व शिक्षक चन्द्रशेखर कुमार, नेहा शुक्ला, हिना वैश, आकांक्षा बाजपेयी, डा0 अनामिका दीक्षित, सुश्री आमेना जैदी, श्री धीरज कुमार, श्रीमती वर्तिका श्रीवास्तव आदि एवं संस्थान के छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा जी द्वारा मुख्य वक्ता को अंगवस्त्र एवं तुलसी पादप भेंट के साथ हुआ।

संस्थान के सहायक योगाचार्य डा0 राम किशोर जी ने बताया कि डा0 निधीष यादव, राष्ट्रीय योग संस्थान मोरारजी देसाई, कैवल्य धाम आदि देश के जाने–माने योग संस्थानों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं और वर्तमान में पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार में अपनी सेवायें प्रदान कर रहे हैं।

मुख्य वक्ता डा0 निधीष यादव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि योग विषय में व्यापक शोध की संभावनाएं विद्यमान हैं। छात्रों को इस विषय में नये अनुसंधान करने के लिए सर्वप्रथम योगिक ग्रंथों का अध्ययन और उनके वैज्ञानिक प्रस्तुतीकरण पर जोर देना चाहिए। यही समय की मांग है। ग्रंथों में योग के जो भी सूत्र प्रतिपादित हैं उन्हें रोजमर्रा की जिंदगी में कैसे उपयोगी बनाया जा सकता है, इस विषय पर उन्होंने जोर दिया। उन्होंने पश्चिमोत्तान आसन, ताड़ आसन आदि की पारंपरिक विधि और उसके वैज्ञानिक एवं व्यवहारिक पक्ष को बहुत ही सरलता एवं रोचकपूर्ण ढंग से विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के अंत में श्री हरीश शर्मा जी ने डा0 यादव, उपस्थित सभी शिक्षकगण और छात्र–छात्राओं के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

आज के इस व्याख्यान में संस्थान के सहायक निदेशक डा0 मुनीश रस्तोगी व शिक्षक श्री चन्द्रशेखर कुमार, श्रीमती नेहा शुक्ला, सुश्री हिना वैश, सुश्री आकांक्षा बाजपेयी, डा0 अनामिका दीक्षित, सुश्री आमेना जैदी, श्री धीरज कुमार, श्रीमती वर्तिका श्रीवास्तव आदि एवं संस्थान के छात्र–छात्रायें उपस्थित थे।






### 3. दिनांक 12.12.2022, स्वर्णप्राशन कार्यक्रम

दिनांक 12 दिसम्बर, 2022 दिन सोमवार को कानपुर विश्वविद्यालय के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस के स्वास्थ्य केन्द्र एवं राजकीय बाल सुधार गृह, कल्यानपुर में स्वर्णप्राशन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 50–60 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले इन बच्चों का निःशुल्क रूप से स्वर्णप्राशन कराया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डा0 निरंकार गोयल और डा0 वंदना पाठक आदि ने किया।

वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डा0 निरंकार गोयल ने पुष्य नक्षत्र में होने वाले इस स्वर्णप्राशन संस्कार के बारे में बताते हुए कहा कि आयुर्वेद की यह विधा बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में काफी कारगर है।

वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डा0 वंदना पाठक ने संस्कार की महत्ता बताते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रचलित 16 संस्कारों में से एक संस्कार है। यह बच्चों के शारीरिक, मानसिक विकास में विशेष योगदान करता है। जिन बच्चों यह संस्कार नियमित रूप होता है, उनमें मौसम और वातावरणीय प्रभाव के कारण होने वाली समस्याएं अन्य बच्चों क अपेक्षा कम देखी गयी हैं। स्वर्णप्राशन में प्रयुक्त होने वाली औषधि स्वर्ण भस्म, वच, गिलोय, ब्राह्मी, गौघृत, मधु आदि द्रव्यों के सम्मिश्रण से बनाया जाता है।

कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा, सह निदेशक डा0 मुनीश रस्तोगी, डा0 विशाल शर्मा, डा0 राम किशोर, श्री अनुराग मिश्रा, श्री रूपेश बाजपेयी आदि उपस्थित रहे।





## माह–जनवरी, 2023

### 1. दिनांक 09.01.2023, स्वर्णप्राशन कार्यक्रम

दिनांक 09 जनवरी, 2023 दिन सोमवार को कानपुर विश्वविद्यालय के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस के स्वास्थ्य केन्द्र में स्वर्णप्राशन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 30–40 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले इन बच्चों का निःशुल्क रूप से स्वर्णप्राशन कराया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डा0 निरंकार गोयल, डा0 वंदना पाठक और संस्थान के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा आदि ने दीप प्रज्ज्वलन एवं धनवंतरि पूजन से किया।






वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डा0 निरंकार गोयल ने पुष्य नक्षत्र में होने वाले इस स्वर्णप्राशन संस्कार के बारे में बताते हुए कहा कि आयुर्वेद की यह विधा बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में काफी कारगर है।

वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डा0 वंदना पाठक ने संस्कार की महत्ता बताते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रचलित 16 संस्कारों में से एक संस्कार है। यह बच्चों के शारीरिक, मानसिक विकास में विशेष योगदान करता है। जिन बच्चों यह संस्कार नियमित रूप होता है, उनमें मौसम और वातावरणीय प्रभाव के कारण होने वाली समस्याएं अन्य बच्चों की अपेक्षा कम देखी गयी हैं। स्वर्णप्राशन में प्रयुक्त होने वाली औषधि स्वर्ण भस्म, वच, गिलोय, ब्राह्मी, गौघृत, मधु आदि द्रव्यों के सम्मिश्रण से बनाया जाता है। डा0 पाठक ने मौसम के अनुसार आहार लेने पर भी विशेष जोर देते हुए कहा कि रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में आहार का भी बड़ा महत्व है। कार्यक्रम में शाामिल अभिभावकों से आग्रह करते हुए उन्हें डिब्बा बंद आहार, जंक फूड, वासी खाना, वेमौसम की फल और सब्जियां आदि से बचने का परामर्श दिया। कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षक डा0 राम किशोर, श्री अनुराग मिश्रा, श्री सचिन कुमार आदि उपस्थित रहे।



स्कूल आफहेल्थ साइंसेस के स्वास्थ्य केन्द्र में स्वर्णप्राशन का आयोजन

अमन यात्रा ब्यूरो

कानपुरः सोमवार को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस के स्वास्थ्य केन्द्र में स्वर्णप्राशन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 30-40 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले इन बच्चों का निःशुल्क रूप से स्वर्णप्राशन कराया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डा0 निरंकार गोयल, डा0 वंदना पाठक और संस्थान के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा आदि ने दीप प्रज्ज्वलन एवं धनवंतरि पूजन से किया।

वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डा0 निरंकार गोयल ने पुष्प नक्षत्र में होने वाले इस स्वर्णप्राशन संस्कार के बारे में बताते हुए कहा कि आयुर्वेद की यह विधा बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में काफी कारगर है। वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डा0 वंदना पाठक ने संस्कार की महत्ता बताते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रचलित 16 संस्कारों में से एक संस्कार है। यह बच्चों के शारीरिक, मानसिक विकास में विशेष योगदान करता है। जिन बच्चों में यह संस्कार नियमित रूप से होता है, उनमें मौसम और वातावरणीय प्रभाव के कारण होने वाली समस्याएं अन्य बच्चों की अपेक्षा कम देखी गयी हैं। स्वर्णप्राशन में प्रयुक्त होने वाली औषधि स्वर्ण भस्म, वच, गिलोय, ब्राह्मी, गौघृत, मधु आदि द्रव्यों के सम्मिश्रण से बनाया जाता है। डा0 पाठक ने मौसम के अनुसार आहार लेने पर भी विशेष जोर देते हुए कहा कि रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में आहार का भी बड़ा महत्व है। कार्यक्रम में शामिल अभिभावकों से आग्रह करते हुए उन्हें डिब्बा बंद आहार, जंक फूड, बासी खाना, बेमौसम की फल और सब्जियां आदि से बचने का परामर्श दिया। कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षक डा0 राम किशोर, अनुराग मिश्रा, सचिन कुमार आदि उपस्थित रहे।



सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

से कम रहा है। दो जनवरी से अब तक

बच्चों को कराया गया निशुल्क स्वर्णप्राशन

चेतना समाचार सेवा

कानपुर। सोमवार को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस के स्वास्थ्य केन्द्र में स्वर्णप्राशन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 30-40 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले इन बच्चों का निःशुल्क रूप से स्वर्णप्राशन कराया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डा0 निरंकार गोयल, डा0 वंदना पाठक और संस्थान के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा आदि ने दीप प्रज्ज्वलन एवं धनवंतरि पूजन से किया।

वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डा0 निरंकार गोयल ने पुष्प नक्षत्र में होने वाले इस स्वर्णप्राशन संस्कार के बारे में बताते हुए कहा कि आयुर्वेद की यह विधा बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में काफी कारगर है।

वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डा0 वंदना पाठक ने संस्कार की महत्ता बताते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रचलित 16 संस्कारों में से एक संस्कार है। यह बच्चों के शारीरिक, मानसिक विकास में विशेष योगदान करता है। जिन बच्चों में यह संस्कार नियमित रूप से होता है, उनमें मौसम और वातावरणीय प्रभाव के कारण होने वाली समस्याएं अन्य बच्चों की अपेक्षा कम देखी गयी हैं। स्वर्णप्राशन में प्रयुक्त होने वाली औषधि स्वर्ण भस्म, वच, गिलोय, ब्राह्मी, गौघृत, मधु आदि द्रव्यों के सम्मिश्रण से बनाया जाता है। डा0 पाठक ने मौसम के अनुसार आहार लेने पर भी विशेष जोर देते हुए कहा कि रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में आहार का भी बड़ा महत्व है कार्यक्रम में शामिल अभिभावकों से आग्रह करते हुए उन्हें डिब्बा बंद आहार, जंक फूड, बासी खाना, बेमौसम की फल और सब्जियां आदि से बचने का परामर्श दिया। कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षक डा0 राम किशोर, अनुराग मिश्रा, सचिन कुमार आदि उपस्थित रहे।

## 2. दिनांक 24.01.2023, एक दिवसीय वर्कशाप ''हार्ट एण्ड डायबिटीज डिसीज रिवरसल''

दिनांक 24 जनवरी, 2023 दिन मंगलवार को विश्वविद्यालय के मा0 यशस्वी कुलपति प्रो0 विनय कुमार पाठक जी की प्रेरणा से छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस संस्थान एवं माधवबाग मल्टीडिसिप्लिनरी कार्डियक केयर क्लीनिक्स एण्ड हास्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय ''हार्ट एण्ड डायबिटीज डिसीज रिवरसल'' वर्कशाप का आयोजन विश्वविद्यालय के प्रति–कुलपति प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी, संस्थान के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा, माधवबाग के हेल्थ एजूकेशन के विभागाध्यक्ष श्री मिलिंद सरदार, संस्थान के सहनिदेशक डा0 मुनीश रस्तोगी आदि ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया।







कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मधुमेह, हृदय रोग आदि ऐसी लाइफ डिस्आर्डर से जुड़ी हुयी बीमारियां हैं जिनका एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति में एक बार औषधि लेना प्रारम्भ हो जाने पर आजीवन लेना पड़ता है। हृदय रोग एवं मधुमेह दोनों एक दूसरे से सम्बद्ध बीमारियां हैं। हृदय भावनाओं का उद्गम क्षेत्र है। सामान्यतः ऐसा माना जाता है कि आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, योग आदि में इनका उपचार है। कैंसर जैसी बीमारियों में भी गेहूं के ज्वारे से इलाज का दावा किया जाता है। अतः उपरोक्त के संदर्भ में वैज्ञानिक अनुसंधान की आवश्यकता है।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता श्री मिलिंद सरदार ने अपना विचार ताली बजाने के महत्व को बताने से प्रारम्भ करते हुए कहते हैं कि मधुमेह, हृदय रोग आदि का प्रभाव ताली बजाने वालों पर कम देखा गया है, इसीलिए हमारे ऋषि मुनियों ने पूजा, आरती आदि में ताली को जोड़ रखा है। सरदार जी ने स्वस्थ रहने के लिए मुख्यतः आहार, विहार, विचार और पंचकर्म पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि आहार का सीधा संबंध पाचन तंत्र से है। व्यक्ति को आधा पेट ही आहार ग्रहण करना चाहिए तथा शेष आधा भाग जल और वायु के लिए रिक्त रखना चाहिए। मनुष्य एक शाकाहारी प्राणी है। अतः मनुष्य के लिए शाकाहारी ही अनुकूल आहार है। स्वस्थ रहने के लिए एक्सरसाइज या योगाभ्यास भी आवश्यक है। हमारा हृदय आजीवन कार्य करता रहता है। हृदय रोग से बचने के लिए नियमित योगाभ्यास अतिआवश्यक है। विचार का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि 90 प्रतिशत रोग मनोकायिक होते है और मनोकायिक रोगों का उपचार शारीरिक नहीं हो सकता। अतः मधुमेह, हृदय रोग आदि से बचने के लिए स्वस्थ और सकारात्मक विचारों का रहना अतिआवश्यक है। उन्होंने कहा कि मानसिक विचारों को शुद्ध रखने के लिए अपने दृष्टिकोण में परिवर्तन ही एकमात्र उपाय है।



शाश्वत टाइम्स
हिन्दी दैनिक

कानपुर समाचार

25 जनवरी 2023 3

### सीएसजेयू के हेल्थ साइंस विभाग में मधुमेह और हृदय रोग पर कार्यशाला का आयोजन

कानपुर। मंगलवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 विनय कुमार पाठक की प्रेरणा से छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस संस्थान एवं माधवबाग मल्टीडिसिप्लिनरी कार्डियक केयर क्लीनिक्स एण्ड हास्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय "हार्ट एण्ड डायबिटीज डिसीज रिवरसल" वर्कशाप का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के प्रति-कुलपति प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी, संस्थान के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा, माधवबाग के हेल्थ एजूकेशन के विभागाध्यक्ष मिलिंद सरदार, संस्थान के सहनिदेशक डा0 मुनीश रस्तोगी आदि ने दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मधुमेह, हृदय रोग आदि ऐसी लाइफ डिस्आर्डर से जुड़ी हुयी बीमारियां हैं जिनका एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति में एक बार औषधि लेना प्रारम्भ हो जाने पर आजीवन लेना पड़ता है। हृदय रोग एवं मधुमेह दोनों एक दूसरे से सम्बद्ध बीमारियां हैं। हृदय भावनाओं का उद्गम क्षेत्र है। सामान्यतः ऐसा माना जाता है कि आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, योग आदि में इनका उपचार है। कैंसर जैसी बीमारियों में भी गेहूं के ज्वारे से इलाज का दावा किया जाता है। अतः उपरोक्त के संदर्भ में वैज्ञानिक अनुसंधान की आवश्यकता है। कार्यशाला के मुख्य वक्ता मिलिंद सरदार ने अपना विचार ताली बजाने के महत्व को बताने से प्रारम्भ करते हुए कहते हैं कि मधुमेह, हृदय रोग आदि का प्रभाव ताली बजाने वालों पर कम देखा गया है, इसीलिए हमारे ऋषि मुनियों ने पूजा, आरती आदि में ताली को जोड़ रखा है। सरदार जी ने स्वस्थ रहने के लिए मुख्यतः आहार, विहार, विचार और पंचकर्म पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि आहार का सीधा संबंध पाचन तंत्र से है। व्यक्ति को आधा पेट ही आहार ग्रहण करना चाहिए तथा शेष आधा भाग जल और वायु के लिए रिक्त रखना चाहिए। मनुष्य एक शाकाहारी प्राणी है। अतः मनुष्य के लिए शाकाहारी ही अनुकूल आहार है। स्वस्थ रहने के लिए एक्सरसाइज या योगाभ्यास भी आवश्यक है। हमारा हृदय आजीवन कार्य करता रहता है। हृदय रोग से बचने के लिए नियमित योगाभ्यास अतिआवश्यक है। विचार का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि 90 प्रतिशत रोग मनोकायिक होते हैं और मनोकायिक रोगों का उपचार शारीरिक नहीं हो सकता। अतः मधुमेह, हृदय रोग आदि से बचने के लिए स्वस्थ और सकारात्मक विचारों का रहना अतिआवश्यक है। उन्होंने कहा कि मानसिक विचारों को शुद्ध रखने के लिए अपने दृष्टिकोण में परिवर्तन ही एकमात्र उपाय है। संस्थान के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज की यह वर्कशाप संस्थान के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों सबके लिए आवश्यक है क्योंकि स्वस्थ रहने के लिए मस्तिष्क में स्वच्छ और संतुलित विचारों का संचार ही एक मात्र सशक्त उपाय है। आज के इस व्याख्यान से निश्चित ही छात्र-छात्रायें लाभान्वित होंगे। संस्थान के योग शिक्षक डा0 राम किशोर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा जीवन, हमारा स्वास्थ्य, हमारा भविष्य सबकुछ इस बात पर निर्भर करता है कि प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से हम अपने मस्तिष्क में किस तरह के विचारों का संचय कर रहे हैं। आज की इस वर्कशाप से सकारात्मक विचारों के संचय का सूत्र हम सबको प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षक नेहा शुक्ला, हिना वैश, आदर्श कुमार श्रीवास्तव, आकांक्षा बाजपेयी, धीरज कुमार, वर्तिका श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

संस्थान के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज की यह वर्कशाप संस्थान के छात्र–छात्राओं और शिक्षकों सबके लिए आवश्यक है क्योंकि स्वस्थ रहने के लिए मस्तिष्क में स्वच्छ और संतुलित विचारों का संचार ही एक मात्र सशक्त उपाय है। आज के इस व्याख्यान से निश्चित ही छात्र–छात्रायें लाभान्वित होंगे।

संस्थान के योग शिक्षक डा0 राम किशोर जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा जीवन, हमारा स्वास्थ्य, हमारा भविष्य सबकुछ इस बात पर निर्भर करता है कि प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से हम अपने मस्तिष्क में किस तरह के विचारों का संचय कर रहे हैं। आज की इस वर्कशाप से सकारात्मक विचारों के संचय का सूत्र हम सबको प्राप्त हुआ है।

इस अवसर पर संस्थान के शिक्षकण श्रीमती नेहा शुक्ला, कु0 हिना वैश, श्री आदर्श कुमार श्रीवास्तव, कु0 आकांक्षा बाजपेयी, श्री धीरज कुमार, श्रीमती वर्तिका श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## माह–फरवरी, 2023

### 1. दिनांक 04.02.2023, स्वर्णप्राशन कार्यक्रम

दिनांक 04 फरवरी, 2023 दिन शनिवार को कानपुर विश्वविद्यालय के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस के स्वास्थ्य केन्द्र, आरोग्य क्लीनिक, लाल बंगला और राजकीय बाल गृह, कानपुर में पुष्यनक्षत्र के योग में स्वर्णप्राशन का आयोजन किया गया। इन सभी कार्यक्रमों में लगभग 60–70 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले इन बच्चों का निःशुल्क रूप से स्वर्णप्राशन कराया गया।

विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डा0 निरंकार गोयल, डा0 वंदना पाठक और संस्थान के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा, डा0 राम किशोर, कु0 आकांक्षा बाजपेयी आदि ने दीप प्रज्ज्वलन एवं धनवंतरि पूजन से किया।




वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डा0 निरंकार गोयल ने पुष्य नक्षत्र में होने वाले इस स्वर्णप्राशन संस्कार के बारे में बताते हुए कहा कि आयुर्वेद की यह विधा बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में काफी कारगर है।




**बच्चों का कराया स्वर्णप्राशन**

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेस के स्वास्थ्य केंद्र आरोग्य क्लीनिक में स्वर्णप्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयुर्वेदाचार्य डॉ. वंदना पाठक ने बच्चों का निःशुल्क रूप से स्वर्णप्राशन कराया। कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ. निरंकार गोयल, डॉ. वंदना पाठक और संस्थान के निदेशक डॉ. दिग्विजय शर्मा, डॉ. राम किशोर ने किया। (ब्यूरो)

वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डा0 वंदना पाठक ने संस्कार की महत्ता बताते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रचलित 16 संस्कारों में से एक संस्कार है। यह बच्चों के शारीरिक, मानसिक विकास में विशेष योगदान करता है। जिन बच्चों यह संस्कार नियमित रूप होता है, उनमें मौसम और वातावरणीय प्रभाव के कारण होने वाली समस्याएं अन्य बच्चों की अपेक्षा कम देखी गयी हैं। स्वर्णप्राशन में प्रयुक्त होने वाली औषधि स्वर्ण भस्म, वच, गिलोय, ब्राह्मी, गौघृत, मधु आदि द्रव्यों के सम्मिश्रण से बनाया जाता है। डा0 पाठक ने मौसम के अनुसार आहार लेने पर भी विशेष जोर देते हुए कहा कि रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में आहार का भी बड़ा महत्व है। कार्यक्रम में शाामिल अभिभावकों से आग्रह करते हुए उन्हें डिब्बा बंद आहार, जंक फूड, बासी खाना, वेमौसम की फल और सब्जियां आदि से बचने का परामर्श दिया।



**मौसमी बीमारी से बच्चों को बचाता है स्वर्णप्राशन**

**कानपुर।** सीएसजेएमयू के हेल्थ साइंसेज विभाग में स्थित स्वास्थ्य केन्द्र में सोमवार को आरोग्य क्लीनिक की ओर से स्वर्णप्राशन का आयोजन हुआ। आयुर्वेदाचार्य डॉ.वंदना पाठक ने बच्चों का नि:शुल्क स्वर्णप्राशन कराया। उद्घाटन वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ.निरंकार गोयल,निदेशक डॉ. दिग्विजय शर्मा ने किया। डॉ. वंदना ने कहा कि बच्चों को मौसमी बीमारी से स्वर्णप्राशन बचाता है।



**स्वर्णप्राशन कराया**

कानपुर : छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस के स्वास्थ्य केन्द्र, आरोग्य क्लीनिक में सोमवार को बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया। आयुर्वेदाचार्य डा वंदना पाठक ने बच्चों के स्वर्णप्राशन के लाभ बताए। उन्होंने कहा कि यह 16 संस्कार में शामिल संस्कार है। जासं

कार्यक्रम में संस्थान के कर्मचारी श्रीमती उषा गुप्ता श्री सचिन कुमार एवं बी.एस–सी. योग, एम.एस.सी. योग, बैचलर आफ फिजियोथिरैपी आदि के छात्र–छात्रायें उपस्थित रहे।

## 2. दिनांक 15.02.2023, आनलाइन वेबिनार –रेडिएशन प्राटेक्शन

दिनांक 15.02.2023 को स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस में एक आनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। इस वेबिनार का विषय रेडिऐशन प्रोटेक्शन था। इस वेबिनार में मुख्य वक्ता श्री अमरजीत कुमार, वरिष्ठ रेडियो टेक्नोलॉजिस्ट, एम्स, नई दिल्ली थे। इस वेबिनार में लगभग 84 लोगों ने भाग लिया।





## 3. 05 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

### दिनांक 21 व 22 फरवरी, 2023, मुलिगन टेक्नीक विषय पर कार्यशाला

दिनांक 21 फरवरी, 2023 दिन, मंगलवार को स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस में विश्वविद्यालय के यशस्वी कुलपति प्रो0 विनय कुमार पाठक जी, प्रति–कुलपति प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसिचव डा0 अनिल कुमार यादव, मुख्य वक्ता डा0 योगश मन्धयान, विभागाध्यक्ष, फिजियोथिरैपी, अपोलोमेडिक्स हास्पिटल, लखनऊ, संस्थान के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा, सह–निदेशक डा0 मुनीश रस्तोगी एवं वरिष्ठ शिक्षिका डा0 वर्षा प्रसाद ने बहुउद्देश्यीय पांच दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन दीप प्रज्जवलन के साथ किया। यह कार्यशाला 21 फरवरी से 25 फरवरी, 2023 तक क्रमशः ''मुलीगन टेक्नीक'', ''रोजमर्रा के जीवन में प्राकृतिक चिकित्सा एवं एक्यूप्रेशर का महत्व और स्वरोजगार'', ''बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट'', ''सूर्य नमस्कार का अभ्यास एवं इसका वैज्ञानिक तथा ऐतिहासिक पक्ष'' विषयों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा आयोजित होगी।






इस अवसर पर मा0 कुलपति महोदय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाला समय डेटा का है। आप सब को अपने रोगियों के आंकड़े कम्प्यूटर पर रखने चाहिए और आपके क्षेत्र में विश्व में जो भी हो रहा है उनके डेटा का संकलन और अध्ययन करना चाहिए। आप सौभाग्यशाली हैं कि आपके यहाँ संचालित ओ0पी0डी0 में पर्याप्त रोगी आ रहे हैं, जिससे आपको प्रयोगात्मक ज्ञान प्राप्त होने का अवसर प्राप्त हो रहा है। हमारे यहां के ऋषि–मुनि जिन्होंने मानव कल्याण के लिए गहन अनुसंधान किया, वे सभी चिकित्सा जगत से सम्बद्ध थे। साधना के साथ–साथ अपनी चिकित्सकीय अनुसंधान एवं सेवाओं से जन सामान्य को लाभान्वित करते रहे। मेडिकल के प्रत्येक छात्र–छात्राओं को कम्प्यूटर का ज्ञान अनिवार्य रूप से होना चाहिए तभी वह अपने क्षेत्र को नयी तकनीकि के साथ जोड़कर कुछ विशेष कर पाने में सक्षम होंगे।

विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मेडिकल के छात्र–छात्राओं को प्राचीन जीवन पद्धति को अपनाना और इसके वैज्ञानिक पक्ष पर कार्य करना चाहिए। पुराने जीवनशैली के प्रति नयी पीढ़ी को जागरूक होना समय की आवश्यकता है। वर्तमान समय के अनेकानेक रोगों का मुख्य कारण अव्यवस्थित जीवन शैली है।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता डा0 योगेश मन्धयान ने ''मुलीगन टेक्नीक'' विषय पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि न्यूजीलैण्ड में विकसित इस तकनीक में बिना दर्द के कंधे एवं कूल्हे के जोड़ को खोला जाता है। आज की कार्यशाला इसी विषय पर है, जिसमें फिजियोथिरैपी के विद्यार्थीगण प्रतिभाग करेंगे।

शाश्वत टाइम्स
हिन्दी दैनिक

कानपुर समाचार
22 फरवरी 2023 3

## छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस में 05 दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन

कानपुर। मंगलवार को स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 विनय कुमार पाठक , प्रति-कुलपति प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसचिव डा0 अनिल कुमार यादव, मुख्य वक्ता डा0 योगश मन्धयान, विभागाध्यक्ष, फिजियोथिरैपी, अपोलोमेडिक्स हास्पिटल, लखनऊ, संस्थान के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा, सह-निदेशक डा0 मुनीश रस्तोगी एवं वरिष्ठ शिक्षिका डा0 वर्षा प्रसाद ने बहुउद्देश्यीय पांच दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन दीप प्रज्जवलन के साथ किया। यह कार्यशाला 21 फरवरी से 25 फरवरी, 2023 तक क्रमशः ''मुलीगन टेक्नीक'', ''रोजमर्रा के जीवन में प्राकृतिक चिकित्सा एवं एक्यूप्रेशर का महत्व और स्वरोजगार'', ''बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट'', ''सूर्य नमस्कार का अभ्यास एवं इसका वैज्ञानिक तथा ऐतिहासिक पक्ष'' विषयों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा आयोजित होगी। इस अवसर पर कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाला समय डेटा का है। आप सब को



अपने रोगियों के आंकड़े कम्प्यूटर पर रखने चाहिए और आपके क्षेत्र में विश्व में जो भी हो रहा है उनके डेटा का संकलन और अध्ययन करना चाहिए। आप सौभाग्यशाली हैं कि आपके यहाँ संचालित ओ0पी0डी0 में पर्याप्त रोगी आ रहे हैं, जिससे आपको प्रयोगात्मक ज्ञान प्राप्त होने का अवसर प्राप्त हो रहा है। हमारे यहां के ऋषि-मुनि जिन्होंने मानव कल्याण के लिए गहन अनुसंधान किया, वे सभी चिकित्सा जगत से सम्बद्ध थे। साधना के साथ-साथ अपनी चिकित्सकीय अनुसंधान एवं सेवाओं से जन सामान्य को लाभान्वित करते रहे। मेडिकल के प्रत्येक छात्र-छात्राओं को कम्प्यूटर का ज्ञान अनिवार्य रूप से होना चाहिए तभी वह अपने क्षेत्र को नयी तकनीकि के साथ जोड़कर कुछ विशेष कर पाने में सक्षम होंगे। विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मेडिकल के छात्र-छात्राओं को प्राचीन जीवन पद्धति को अपनाना और इसके वैज्ञानिक पक्ष पर कार्य करना चाहिए। पुराने जीवनशैली के प्रति नयी पीढ़ी को जागरूक होना समय की आवश्यकता है। वर्तमान समय के अनेकानेक रोगों का मुख्य कारण अव्यवस्थित जीवन शैली है। कार्यशाला के मुख्य वक्ता डा0 योगेश मन्धयान ने ''मुलीगन टेक्नीक'' विषय पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि न्यूजीलैण्ड में विकसित इस तकनीक में बिना दर्द के कंधे एवं कूल्हे के जोड़ को खोला जाता है। आज की कार्यशाला इसी विषय पर है, जिसमें फिजियोथिरैपी के विद्यार्थीगण प्रतिभाग करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा0 अनिल कुमार यादव जी ने उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षकगणों और छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि विभिन्न विषयों पर आयोजित यह कार्यशाला निश्चित ही छात्र-छात्राओं के प्रयोगात्मक ज्ञान वृद्धि में सहायक होगी। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षक चन्द्रशेखर कुमार, नेहा शुक्ला, डा0 राम किशोर, हिना वैश, डा0 आदर्श कुमार श्रीवास्तव, आकांक्षा बाजपेयी, डा0 सौमित्र महेन्द्र, डा0 अनामिका दीक्षित, आमेना जैदी आदि उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा0 अनिल कुमार यादव जी ने उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षकगणों और छात्र–छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि विभिन्न विषयों पर आयोजित यह कार्यशाला निश्चित ही छात्र–छात्राओं के प्रयोगात्मक ज्ञान वृद्धि में सहायक होगी।

इस अवसर पर संस्थान के शिक्षक श्री चन्द्रशेखर कुमार, श्रीमती नेहा शुक्ला, डा0 राम किशोर, सुश्री हिना वैश, डा0 आदर्श कुमार श्रीवास्तव, सुश्री आकांक्षा बाजपेयी, डा0 सौमित्र महेन्द्र, डा0 अनामिका दीक्षित, सुश्री आमेना जैदी आदि उपस्थित रहे।

**दिनांक 23 फरवरी, 2023, ''रोजमर्रा के जीवन में प्राकृतिक चिकित्सा एवं एक्यूप्रेशर का महत्व और स्वरोजगार'' विषय पर कार्यशाला**

**दिनांक 25 फरवरी, 2023, ''सूर्य नमस्कार का अभ्यास एवं इसका वैज्ञानिक तथा ऐतिहासिक पक्ष'' विषय पर कार्यशाला**

दिनांक 25 फरवरी, 2023 दिन, शनिवार को विश्वविद्यालय के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस में विश्वविद्यालय के यशस्वी मा0 कुलपति प्रो0 विनय कुमार पाठक जी की अनुमति एवं प्रेरणा से संचालित 05 दिवसीय कार्यशाला का अंतिम दिन विश्वविद्यालय के स्टेडियम में प्रातः 7:00 बजे 108 सूर्य नमस्कार के साथ प्रारंभ हुआ, जिसका संचालन श्री लाल बहादुर शास्त्री नेशनल संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के असि0प्रो0 डा0 नवदीप जोशी जी ने किया। इस अभ्यास में 92 प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह 108 सूर्य नमस्कार का अभ्यास 22 मिनट में संपन्न हुआ।

आज की कार्यशाला का दूसरा सत्र प्रातः 11:00 बजे से प्रारम्भ हुआ जिसमें सूर्य नमस्कार के ऐतिहासिक एवं वैज्ञानिक पक्ष पर गहन चर्चा करते हुए डा0 जोशी ने इसकी विभिन्न तकनीकियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार का अभ्यास युवाओं में नई चेतना का संचार करता है। योगिक दृष्टिकोण से हमारे शरीर में उर्जा के 07 चक्र होते हैं, जिनका संबंध शरीर में स्थित अंतःस्रावी ग्रंथियों से है। सूर्य नमस्कार का अभ्यास इन चक्रों को सक्रिय कर शरीर में सुगमतापूर्वक उर्जा का संचार करता है। वैज्ञानिक अनुसंधानों से यह स्पष्ट हो चुका है कि सूर्य

नमस्कार किशोरों में भावनात्मक और क्रियात्मक सक्रियता को बढ़ाकर उसे सृजनात्मक दिशा की ओर अग्रसर करता है। ऋषियों द्वारा सूर्य उपासना के लिए खोजी गयी सूर्य नमस्कार की विधि वर्तमान परिवेश में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए सबसे प्रमुख योगाभ्यास है।




कार्यशाला का तीसरा सत्र 2:00 बजे प्रारम्भ हुआ जिसमें सूर्य नमस्कार और नादयोग के अंतःसंबंध, इसका अभ्यास और विद्यार्थियों के प्रश्नोत्तर की प्रधानता रही।

अतिथियों का सम्मान संस्थान के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा जी, आभार संस्थान के सह निदेशक डा0 मुनीश रस्तोगी जी और कार्यक्रम का समन्वय संस्थान के सहायक आचार्य डा0 रामकिशोर जी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर संस्थान के शिक्षक श्री चन्द्रशेखर कुमार, श्रीमती नेहा शुक्ला, सुश्री हिना वैश, श्री आदर्श कुमार श्रीवास्तव, सुश्री आकांक्षा बाजपेयी, डा0 सौमित्र महेन्द्र, डा0 अनामिका दीक्षित, सुश्री आमेना जैदी व शोध छात्र श्री अनिल कुमार यादव, श्रीमती दीपिका सचान आदि उपस्थित रहे।

## 5. 27 फरवरी, 2023 को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर एवं आर0के0 देवी आई हास्पिटल एण्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट, कानपुर के मध्य मेमोरैण्डम आफ अण्डरस्टैण्डिंग

दिनांक 27 फरवरी, 2023 को विश्वविद्यालय के मा0 कुलपति महोदय प्रो0 विनय कुमार पाठक जी की प्रेरणा से एक मेमोरैण्डम आफ अण्डरस्टैण्डिंग छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर एवं आर.के. देवी आई रिसर्च इंस्टीट्यूट, कानपुर के बीच स्थापित हुआ। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के मा0 कुलपति महोदय एवं आर.के. देवी आई रिसर्च इंस्टीट्यूट, कानपुर के अध्यक्ष डा0 अवध दुबे, स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा एवं सह–निदेशक डा0 मुनीश रस्तोगी, डा0 वर्षा प्रसाद, डा0 प्रवीन कटियार, श्री चन्द्रशेखर कुमार, श्रीमती नेहा शुक्ला, डा0 राम किशोर, कु0 हिना वैश, कु0 आकांक्षा बाजपेयी आदि उपस्थित थे।

इस अवसर पर मा0 कुलपति महोदय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस एम0ओ0यू के अंतर्गत स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस में फिजियोथिरैपी, मेडिकल लैबोरेट्री टेक्नोलॉजी, आप्टोमेट्री, रेडियोलॉजी, मेडिकल माइक्रोबायोलाजी एवं ह्यूमन न्यूट्रीशन के विद्यार्थियों को क्लीनिकल एक्सपोजर का लाभ मिलेगा व मरीजों के साथ उनका बेहतर ताल–मेल स्थापित होगा। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के मा0 कुलपति महोदय के दिशा–निर्देशों के अनुसार छात्र हित में नित–निरंतर विभिन्न संस्थानों से एम0ओ0यू0 कर रहा है, ताकि छात्रों को क्लीनिकल एक्सपोजर / वर्क एक्सपोजर मिल सके। स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस में रेडियोलॉजी और आप्टोमेट्री कोर्सेस इसी सत्र से प्रारम्भ हुए हैं। वर्तमान एवं भविष्य में मेडिकल फील्ड के इन क्षेत्रों में काफी संभावनायें हैं।

आर.के. देवी आई रिसर्च इंस्टीट्यूट, कानपुर के अध्यक्ष डा0 अवध दुबे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वे विश्वविद्यालय के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस से एम0ओ0यू0 करके बेहद गौरांवित अनुभव कर रहे हैं। उन्होंने संस्थान द्वारा पूर्व में किये गये कार्यों एवं वर्तमान में चल रहे पाठ्यक्रमों की प्रशंसा की। संस्थान के डा0 गौरव दुबे ने कहा कि यह इस एम0ओ0यू0 से बैचलर आफ आप्टोमेट्री के छात्रों को क्लीनिकल ट्रेनिंग एवं शिक्षण–प्रशिक्षण में विशेष लाभ मिलेगा।



**एम0ओ0यू0 से बैचलर आफ आप्टोमेट्री के छात्रों को क्लीनिकल टेऊनिंग एवं शिक्षण-प्रशिक्षण में विशेष लाभ मिलेगाः डॉ. अवध दुबे**

अमन यात्रा ब्यूरो

कानपुरः सोमवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 विनय कुमार पाठक की प्रेरणा से एक मेमोरैण्डम आफ अण्डरस्टैण्डिंग छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर एवं आर.के. देवी आई रिसर्च इंस्टीट्यूट, कानपुर के बीच स्थापित हुआ। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक एवं आर.के. देवी आई रिसर्च इंस्टीट्यूट, कानपुर के अध्यक्ष डा0 अवध दुबे ने हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस एम0ओ0यू के अंतर्गत स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस में फिजियोथैरेपी, मेडिकल लैबोरेट्री टेक्नोलॉजी, आप्टोमेट्री, रेडियोलॉजी, मेडिकल माइक्रोबायोलाजी एवं ह्यूमन न्यूट्रीशन के विद्यार्थियों को क्लीनिकल एक्सपोजर का लाभ मिलेगा व मरीजों के साथ उनका बेहतर ताल-मेल स्थापित होगा। प्रति कुलपति प्रो सुधीर कुमार अवस्थी ने इस अवसर पर कहा कि छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर कुलपति प्रो पाठक के निर्देशन में छात्र हित में नित-निरंतर विभिन्न संस्थानों से एम0ओ0यू0 कर रहा है, ताकि छात्रों को क्लीनिकल एक्सपोजर/वर्क एक्सपोजर मिल सके। स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस में रेडियोलॉजी और आप्टोमेट्री कोर्सेस इसी सत्र से प्रारम्भ हुए हैं। वर्तमान एवं भविष्य में मेडिकल फील्ड के इन क्षेत्रों में काफी संभावनायें हैं।

आर.के. देवी आई रिसर्च इंस्टीट्यूट, कानपुर के अध्यक्ष डा0 अवध दुबे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वे विश्वविद्यालय के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस से एम0ओ0यू0 करके बेहद गौरांवित अनुभव कर रहे हैं। उन्होंने संस्थान द्वारा पूर्व में किये गये कार्यों एवं वर्तमान में चल रहे पाठ्यक्रमों की प्रशंसा की। संस्थान के डा0 गौरव दुबे ने कहा कि यह इस एम0ओ0यू0 से बैचलर आफ आप्टोमेट्री के छात्रों को क्लीनिकल टेऊनिंग एवं शिक्षण-प्रशिक्षण में विशेष लाभ मिलेगा।

स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। निदेशक महोदय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि उनके लिए यह गर्व एवं हर्ष का विषय है कि छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर एवं आर.के. देवी आई रिसर्च इंस्टीट्यूट, कानपुर के साथ मेमोरैण्डम आफ अण्डरस्टैण्डिंग हो रहा है।

संस्थान के सहायक निदेशक डा0 मुनीश रस्तोगी ने बताया कि आर.के. देवी आई रिसर्च इंस्टीट्यूट, कानपुर से एम0ओ0यू0 से आप्टोमेट्री के छात्र एवं छात्राओं को क्लीनिकल अनुभव होगा। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ अनिल कुमार यादव, डॉ गौरव दुबे, स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा एवं सह-निदेशक डा0 मुनीश रस्तोगी, डा0 वर्षा प्रसाद, चन्द्रशेखर कुमार, नेहा शुक्ला, डा0 राम किशोर, हिना वैश, आकांक्षा बाजपेयी आदि उपस्थित रहे।



**विवि व आरके देवी आई रिसर्च इंस्टीट्यूयट में एमओयू**

हेल्थ साइंसेस के ऑप्टोमेट्री सहित अन्य पाठ्यक्रमों के छात्रों को मिलेगा क्लीनिकल एक्सपोजर का लाभ

स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। निदेशक महोदय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि उनके लिए यह गर्व एवं हर्ष का विषय है कि छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर एवं आर.के. देवी आई रिसर्च इंस्टीट्यूट, कानपुर के साथ मेमोरैण्डम आफ अण्डरस्टैण्डिंग हो रहा है।

संस्थान के सहायक निदेशक डा0 मुनीश रस्तोगी ने बताया कि आर.के. देवी आई रिसर्च इंस्टीट्यूट, कानपुर से एम0ओ0यू0 से आप्टोमेट्री के छात्र एवं छात्राओं को क्लीनिकल अनुभव होगा।

# मार्च, 2023

## 1. दिनांक 06 मार्च, 2023, स्वर्ण प्राशन

दिनांक 06 मार्च, 2023 दिन सोमवार को कानपुर विश्वविद्यालय के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस के स्वास्थ्य केन्द्र में स्वर्णप्राशन का आयोजन किया गया। इसी क्रम में दिनांक 04 मार्च, 2023 को भी राजकीय बाल गृह, कानपुर में भी स्वर्णप्राशन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इन दोनों कार्यक्रमों में लगभग 40–50 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले इन बच्चों का निःशुल्क रूप से स्वर्णप्राशन कराया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डा0 निरंकार गोयल, डा0 वंदना पाठक और संस्थान के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा आदि ने दीप प्रज्ज्वलन एवं धनवंतरि पूजन से किया।

वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डा0 निरंकार गोयल ने पुष्य नक्षत्र में होने वाले इस स्वर्णप्राशन संस्कार के बारे में बताते हुए कहा कि आयुर्वेद की यह विधा बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में काफी कारगर है।

वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डा0 वंदना पाठक ने संस्कार की महत्ता बताते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रचलित 16 संस्कारों में से एक संस्कार है। यह बच्चों के शारीरिक, मानसिक विकास में विशेष योगदान करता है। जिन बच्चों यह संस्कार नियमित रूप होता है, उनमें मौसम और वातावरणीय प्रभाव के कारण होने वाली समस्याएं अन्य बच्चों की अपेक्षा कम देखी गयी हैं। स्वर्णप्राशन में प्रयुक्त होने वाली औषधि स्वर्ण भस्म, वच, गिलोय, ब्राह्मी, गौघृत, मधु आदि द्रव्यों के सम्मिश्रण से बनाया जाता है। डा0 पाठक ने मौसम के अनुसार आहार लेने पर भी विशेष जोर देते हुए कहा कि रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में आहार का भी बड़ा महत्व है। कार्यक्रम में शाामिल अभिभावकों से आग्रह करते हुए उन्हें डिब्बा बंद आहार, जंक फूड, वासी खाना, वेमौसम की फल और सब्जियां आदि से बचने का परामर्श दिया।

कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षक डा0 राम किशोर, श्री आदर्श कुमार श्रीवास्तव, सुश्री आकांक्षा बाजपेयी, श्री अनुराग मिश्रा, श्री सचिन कुमार आदि उपस्थित रहे।

## 5. दिनांक 18 मार्च, 2023, ग्लूकोमा जागरूकता रैली का आयोजन

दिनांक 18 मार्च, 2023 दिन, शनिवार को विश्वविद्यालय के यशस्वी कुलपति प्रो0 विनय कुमार पाठक जी की प्रेरणा से ग्लूकोमा के प्रति समाज में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए संस्थान द्वारा रैली का आयोजन किया गया, जिसका शुभारम्भ विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी जी, छात्र कल्याण प्रकोष्ठ के अधिष्ठाता डा0 नीरज कुमार सिंह, संस्थान के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा व सह निदेशक डा0 मुनीश रस्तोगी ने हरी झण्डी को दिखाकर किया।







इस अवसर पर छात्र कल्याण प्रकोष्ठ के अधिष्ठाता डा0 नीरज कुमार सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस स्वास्थ्य से जुड़ी हुयी विभिन्न बीमारियों के प्रति समाज को जागरूक करने के लिए अनेकानेक कार्यक्रम अनवरत रूप से आयोजित करता रहता है। इस रैली से विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं, अध्यापकों और आस–पास के लोगों में ग्लूकोमा अर्थात काला मोतिया के प्रति जागरूकता होगी।

विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति सुधीर कुमार अवस्थी जी ने रैली में भाग लेने वाले छात्र–छात्राओं और शिक्षकों का उत्सावर्द्धन करते हुए कहा ग्लूकोमा नेत्र की एक ऐसी समस्या है जिसके प्रभाव से धीरे–धीरे रोगी अंधता की ओर बढ़ता जाता है। यदि समय रहते हुए इसके बचाव के उपाय, नियमित जांच, चिकित्सीय परामर्श का पालन आदि किया जाये तो इस रोग से बचा जा सकता है। जन सामान्य में इस रोग के प्रति जागरूकता का अभाव होने के कारण समाज का एक बड़ा वर्ग इस समस्या से ग्रसित होता जा रहा है। निश्चित ही इस रैली का समाज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, जिसके लिए रैली में शामिल होने वाले समस्त छात्र–छात्रायें, शिक्षक और संस्थान के निदेशक बधाई के पात्र हैं।



शाश्वत टाइम्स
हिन्दी दैनिक

कानपुर समाचार

20 मार्च 2023 3

### सीएसजेयू में ग्लूकोमा जागरूकता रैली निकाली गई

कानपुर। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस में ग्लूकोमा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। ग्लूकोमा के प्रति समाज में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए संस्थान द्वारा रैली का आयोजन किया गया, जिसका शुभारम्भ विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी , छात्र कल्याण प्रकोष्ठ के अधिष्ठाता डा0 नीरज कुमार सिंह, संस्थान के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा व सह निदेशक डा0 मुनीश रस्तोगी ने हरी झण्डी को दिखाकर किया। इस अवसर पर छात्र कल्याण प्रकोष्ठ के अधिष्ठाता डा0 नीरज कुमार सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस स्वास्थ्य से जुड़ी हुयी विभिन्न बीमारियों के प्रति समाज को जागरूक करने के लिए अनेकानेक कार्यक्रम अनवरत रूप से आयोजित करता रहता है। इस रैली से विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं, अध्यापकों और आस-पास के लोगों में ग्लूकोमा अर्थात काला मोतिया के प्रति जागरूकता होगी। विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति सुधीर कुमार अवस्थी जी ने रैली में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं और शिक्षकों का उत्सावर्द्धन करते हुए कहा ग्लूकोमा नेत्र की एक ऐसी समस्या है जिसके प्रभाव से धीरे-धीरे रोगी अंधता की ओर बढ़ता जाता है। यदि समय रहते हुए इसके बचाव के उपाय, नियमित जांच, चिकित्सीय परामर्श का पालन आदि किया जाये तो इस रोग से बचा जा सकता है। जन सामान्य में इस रोग के प्रति जागरूकता का अभाव होने के कारण समाज का एक बड़ा वर्ग इस समस्या से ग्रसित होता जा रहा है। निश्चित ही इस रैली का समाज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, जिसके लिए रैली में शामिल होने वाले समस्त छात्र-छात्रायें, शिक्षक और संस्थान के निदेशक बधाई के पात्र हैं। रैली में संस्थान द्वारा संचालित बैचलर आफ आप्टोमेट्री, बी.पी.टी., बी.एम.एल.टी., बी.एम.एम., बी.एच.एन., बी.एच.ए., बी.एस.सी. योग, एम.पी.टी., एम.एम.एल.टी., एम.एस.सी. योग, एम.एस.सी. एच.एन. आदि के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

रैली में संस्थान द्वारा संचालित बैचलर आफ आप्टोमेट्री, बी.पी.टी., बी.एम.एल.टी., बी.एम.एम., बी.एच.एन., बी.एच.ए., बी.एस.सी. योग, एम.पी.टी., एम.एम.एल.टी., एम.एस.सी. योग, एम.एस.सी. एच.एन. आदि के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। यह रैली स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस से प्रारंभ होकर विश्वविद्यालय के सभी विभागों से होते हुए मुख्य प्रवेश द्वार से कल्यानपुर के आस–पास क्षेत्रों से होते हुए संस्थान के स्वास्थ्य केन्द्र पर आकर समाप्त हुयी। रैली का समन्वय आप्टोमेट्री विभाग की शिक्षिका श्रीमती वर्तिका श्रीवास्तव एवं श्री धीरज कुमार ने किया।

संस्थान के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा जी ने प्रतिकुलपति प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा0 नीरज कुमार सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम का संचालन डा0 राम किशोर जी ने किया।

इस अवसर पर संस्थान की वरिष्ठ शिक्षिका डा0 वर्षा प्रसाद, सुश्री आमेना जैदी आदि संस्थान के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## 7. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 के अंतर्गत दिनांक 27 मार्च, 2023 दिन सोमवार को संपन्न हुये योगोत्सव कार्यक्रम की आख्या

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 के अंतर्गत छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक जी के संरक्षण एवं मोरारजी देसाई, राष्ट्रीय योग संस्थान (आयुष मंत्रालय), के संयुक्त तत्वावधान में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

**कार्यक्रम लिंक :**

| क्रमांक | विवरण | लिंक |
|---|---|---|
| 1. | सामान्य योगाभ्यासक्रम का विश्वविद्यालय के यूट्यूब चैनल द्वारा लाइव प्रसारण | https://youtube.com/live/uWIPm-PhHac?feature=share |
| 2. | सामान्य योगाभ्यासक्रम का विश्वविद्यालय के फेसबुक अप्लीकेशन पर लाइव प्रसारण | https://fb.watch/jwG8_gF3Zw/ |
| 3. | योगोत्सव 2023 के दोनों कार्यक्रमों की यूट्यूब चैनल पर न्यूज। | https://youtu.be/XUh3fBInDqQ |

उपरोक्त कार्यक्रम दो सत्रों में सम्पन्न हुआ, जिसके प्रथम सत्र में सामान्य योगाभ्यासक्रम और द्वितीय सत्र में ''योगिक जीवन पद्धति'' पर एक संगोष्ठी आयोजित हुई।

**प्रथम सत्र– सामान्य योगाभ्यासक्रम एवं व्याख्यान, समय–प्रातः 7:00 बजे से 8:30 बजे**

इस सत्र का शुभारम्भ विश्वविद्यालय परिसर स्थित रोज गार्डेन में वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्या डॉ. वंदना पाठक, नगर के वरिष्ठ योग और प्राकृतिक चिकित्सक डॉक्टर ओम प्रकाश आनंद, कुलसचिव डा. अनिल कुमार यादव, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. नीरज कुमार सिंह, स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा, कार्यक्रम समन्वयक डा0 राम किशोर आदि ने प्रातः 07 बजे दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया।






मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, नई दिल्ली के निर्देशन में संचालित हो रहे इस कार्यक्रम में निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार ग्रीवा संचालन, स्कंध संचालन, कटिचालन, घुटना चालन, ताड़ासन वृक्षासन भद्रासन, मकरासन वज्रासन भुजंगासन पवनमुक्तासन उत्तानपादासन शवासन, कपालभाति, अनुलोम विलोम, शीतली, भ्रामरी प्राणायाम और ध्यान, आदि के अभ्यास कराये गये।

अभ्यास का समापन प्रोटोकॉल के निर्धारित संकल्प और शान्तिः पाठ के साथ हुआ।




सामान्य योगाभ्यासक्रम के बाद वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्या डॉ. वंदना पाठक, नगर के वरिष्ठ योग और प्राकृतिक चिकित्सक डॉक्टर ओम प्रकाश आनंद, कुलसचिव डा. अनिल कुमार यादव, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. नीरज कुमार सिंह आदि को अंगवस्त्र और पुष्प देकर स्वागत किया गया।







स्वागत सम्मान के बाद अतिथियों ने अपने व्याख्यान दियेः

कार्यक्रम अध्यक्षा महोदया डॉ. वंदना पाठक जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा योग संपूर्ण मानव समुदाय के लिए दी गई एक जीवन पद्धति है, जो निरंतर आत्मा का उत्कर्ष करती हुई सम्पूणता को प्रदान करती है। योग कोई 1 या आधे घंटे का अभ्यास नहीं बल्कि यह एक संपूर्ण जीवन पद्धति है। यह प्रत्येक क्षण अनुकरणीय और पालनीय है। हमारी संपूर्ण दिनचर्या कैसी हो इसका बहुत ही विस्तृत और व्यवस्थित वर्णन योगिक ग्रंथों में किया गया है। वर्तमान समय की स्वास्थ्य समस्याओ ंका मुख्यतः कारण योगिक दिन चर्या का अनुपालन न करना है।

नगर के वरिष्ठ योग और प्राकृतिक चिकित्सक डॉक्टर ओम प्रकाश आनंद जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आम लोगों में धारणा है कि योग का मतलब योगासन वास्तव में योग दर्शन के रचयिता के अनुसार जिसके रचयिता हैं ऋषिपतंजलि हैं, जिनके अनुसार अष्टांग योग में योग के 8 अंग बताए गए हैं, जो यम नियम आसन प्राणायाम प्रत्याहार धारणा ध्यान एवं समाधि हैं। हठ योगियों ग्रन्थों में योग के 6 अंग बताए गए हैं। हठयोग में शरीर को निरोग करके नादानुसंधान के माध्यम से ईश्वर को जाना जाता है जो लौकिक और पार लौकिक दोनों दृष्टि कोणों से उपयोगी हैं।

कार्यक्रम संयोजक डॉ0 राम किशोर जी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय योग संस्थान मोरारजी देसाई, (आयुष मंत्रालय) योग उत्सव मना रहा है। ज्ञातव्य हो कि 21 जून 2023 को संपूर्ण विश्व नौवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाएगा, जिसका उत्सव मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान 100 बड़े स्तर के योग आयोजन करके मना रहा है, जिसके क्रम में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में आज यह 15वां कार्यक्रम आयोजित हो रहा है।

छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ नीरज कुमार सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा छात्रों को अपने शारीरिक मानसिक और बौद्धिक क्षमता को विकसित करने के लिए नियमित रूप से प्रातः सूर्योदय से पूर्व जाकर योग का अभ्यास करना चाहिए। स्वस्थ शरीर होगा, तभी मन और मस्तिष्क स्वस्थ होगा और स्वस्थ मन–मस्तिष्क से ही अध्ययन और अध्यापन का कार्य समुचित ढ़ग से हो पाएगा।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉक्टर अनिल कुमार यादव जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रातःकाल का योगाभ्यास हमें पूरे दिन कार्य करने के लिए सक्रिय कर देता है। शरीर के सम्पूर्ण अंगअवयों में ऊर्चा का नया संचार कर देता है। विश्वविद्यालय परिवार आयुष मंत्रालय भारत सरकार और मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान नई दिल्ली के प्रति आभारी हैं कि उन्होंने हमारे विश्वविद्यालय को अंतराष्ट्रीय योग दिवस 2023 के योगोत्सव कार्यक्रम का हिस्सा बनने का अवसर प्रदान दिया।

हम विश्वविद्यालय परिवार की ओर से मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली, और विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र–छात्राओं, मीडिया कर्मियों आदि के प्रति बहुत–बहुत धन्यवाद और हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।













कार्यक्रम में डा. प्रवीनभाई पटेल, डा. संदेश गुप्ता, डा. विशाल शर्मा, अनुराग मिश्र, डा. प्रवीन कुमार कटियार, डा. दिवाकर अवस्थी, अकांक्षा बाजपेई, डा. रविन्स पोरवाल, डा. पूजा मेमोरिया, आदर्श कुमार, डा. श्रवण कुमार, हरीश शर्मा, आदि सहित 350 से अधिक शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

## द्वितीय सत्र :

## संगोष्ठी विषय : योगिक जीवन पद्धति

योगोत्सव कार्यक्रम के द्वितीय सत्र का उद्घाटन विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक जी, प्रतिकुलपति प्रो सुधीर कुमार अवस्थी जी, कुलसचिव डा. अनिल कुमार यादव जी, लखनऊ विश्वविद्यालय के योग शिक्षक डॉ सत्येंद्र कुमार मिश्र जी, कानपुर नगर की वरिष्ठ महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संगीता सारस्वत आदि ने दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें ऑनलाइन माध्यम से योग पद्म श्री स्वामी भारत भूषण जी ने वैदिक मंत्रोचार और श्री लाल बहादुर शास्त्री नेशनल संस्कृत विश्वविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ नवदीप जोशी, डा0 सुनील कुमार आदि भी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े रहें।






इस अवसर पर माननीय कुलपति महोदय जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा वर्तमान समय की स्वास्थ्य संबंधी सभी समस्याओं का प्रमुख कारण हमारी अनियमित और अव्यवस्थित दिनचर्या है और इस व्यवस्थित दिनचर्या से समाज का बडा वर्ग प्रभावित है। आज के युवा और छात्र–छात्राएं अनियमित दिनचर्या से अधिक प्रभावित हैं। जागरूक और वैज्ञानिक सोच वाले युवाओं को आगे आकर उन्हें ''योगिक जीवन पद्धति'' पर रिसर्च करना चाहिए।

विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो सुधीर कुमार अवस्थी जी ने अपने विचार व्यक्ति करते हुए कहा कि प्रातः जागरण से लेकर के संपूर्ण दिन की कार्यशैली को सुव्यवस्थित वर्णन हमारे योगिक ग्रन्थों में किया गया है। हमारी दिनचर्या कैसी हो? रात्रि चर्या कैसी हो? आहार कैसा हो? किस मौसम में कैसे आहार को प्रधानता और कैसे आहार से बचना चाहिए आदि का व्यवस्थित और विस्तृत वर्णन हमारे योग के ग्रंथों में दिया गया है, जैसे स्वस्थ रहने के लिए आहार को आधा पेट और जल तथा वायु के लिए चौथाई–चौथाई भाग सुश्चित हैं।

ऑनलाइन माध्यम से जुड़े कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री भारत भूषण जी महाराज ने योग एक जीवन पद्धति पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा योग में आहार–विहार विचार का विस्तृत चित्रण किया गया है उनमें से आहार का चयन बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भोजन निर्माण करते समय मन की स्थिति, भोजन को परोसने के समय मन की स्थिति और भोजन ग्रहण करने वाले की मनः स्थिति से भोजन पूरी तरह से प्रभावित होता है और वह ग्रहण करने वाले के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर सीधा प्रभाव डालता है। श्रीमद्भगवद्गीता में इसका व्यवस्थित वर्णन किया गया है। उपनिषदों, हठयोगिक ग्रंथों आदि में आहार के चयन में सतर्कता बरतते हुए कहा गया है कि व्यक्ति को आधा पेट भोजन करना चाहिए और एक चौथाई जल तथा एक चौथाई वायु के लिए रखना चाहिए ''जैसा खाए अन्न वैसा बने मन'' बहुत प्रचलित कहावत है। प्रातः ''काल की हवा लाख रूप्ये की दवा''।

लौकिक और आध्यात्मिक दोनों प्रकार की प्रगति के लिए योगिक जीवन पद्धति सबसे अधिक प्रभावशाली है। आज के समय में युवाओं में देर रात तक जगना और फिर देर तक सोना एक बहुत ही हानिकारक आदत विकसित होती जा रही है जो चिंता का विषय।






कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ सत्येंद्र कुमार मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा योगिक ग्रंथों में श्रीअन्न का व्यापक उद्धरण दिया गया है। इन मोटे अन्नों को ग्रहण करने से हमारा पाचन तंत्र प्रभावित होता है। इनमें रेशों की पर्याप्त मात्रा होने से पाचन सहित समस्त तंत्रों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। योगिक आहार के अंतर्गत पर्याप्त मात्रा में जल का और मौसम के अनुसार फल–सब्जियां का सेवन, खट्टे पदार्थों का त्याग, गाय का दूध और उससे भिन्न बने खाद्य पदार्थों का योगाभ्यास के प्रारंभिक काल में अनिवार्य बताए गए हैं।





कानपुर नगर की वरिष्ठ महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संगीता सारस्वत जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा प्राचीन काल से चली आ रही योगिक जीवन पद्धति का एक बड़ा हिस्सा आज भी ग्रामीण महिलाओं की दिनचर्या में देखा जा रहा है। उनका समय से जगना, आत्मीयता पूर्ण भाव से अपने बच्चों और परिवार के लिए भोजन बनाना, नियमित साधना करना आदि परंतु चिंता का विषय है इन नई पीढ़ी की जीवन शैली में पाश्चात्य शैली का एक व्यापक प्रभाव पड़ता जा रहा है। यह चाहे खानपान से संबंधित हो या सोने जागने से संबंधित हो या फिर परिधान से संबंधित हो। मैं युवाओं से इस विषय में वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए प्रेरित करते हुए कहना चाहूंगी कि अगर आपको उत्तम स्वास्थ्य चाहिए तो भारतीय औद्योगिक परंपराओं के अनुसार परिधान आहार दिन और रात की चर्या मौसम की चर्या आदि का पालन करना चाहिए।





इस अवसर पर कानपुर नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ ओमप्रकाश आनंद अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा प्रकृति चिकित्सा में ताजे रेशेदार मौसम के अनुसार और क्षेत्रीय फल और सब्जियों का विशेष महत्व है।



कार्यक्रम समन्यवक  डॉक्टर रामकिशोर जी ने बताया कि आज का  ''योग उत्सव'' अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 के उपलक्ष में मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान नई दिल्ली आयुष मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशन और विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक जी के संरक्षण और मार्गदर्शन में मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 7 से 8 निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार अभ्यास कराया गया। जिसमें लगभग 350 से अधिक संख्या में वरिष्ठ शिक्षकों अधिकारियों कर्मचारियों और छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया दूसरा सत्र विश्वविद्यालय के दीनदयाल शोध केंद्र में अपराहन 3:00 बजे से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योग पद्मश्री स्वामी भारत भूषण महाराज जी और कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक जी ने की।

कार्यक्रम में डा0 हिमांशु त्रिवेदी, ऑनलाइल माध्यम् से डा0 नवदीप जोशी और डा सुनील कुमार आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये:




विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉक्टर अनिल कुमार यादव जी ने मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली सहित समस्त अतिथियों, शिक्षक–शिक्षिकाओं, मीडियाकर्मियों, छात्र–छात्राओं आदि के प्रति अभार व्यक्ति किया।






कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षकों, छात्र–छात्राओं सहित लगभग 200 लोगों ने प्रतिभाग किया:

   

# धन्यवाद ।

# कार्यक्रम की मीडिया कवरेज

## एक घंटे का योग, दूर भगाएगा रोग



विश्वविद्यालय में योग करते मुख्य अतिथि व छात्र-छात्राएं। संवाद

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विवि में आयुष मंत्रालय के निर्देशन में योगोत्सव का आयोजन हुआ। शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. वंदना पाठक, विवि के रजिस्ट्रार डॉ. अनिल कुमार यादव ने किया। आयुर्वेदाचार्य डॉ. वंदना ने कहा कि नियमित रूप से एक घंटे का योग करके आप निरोगी बन सकते हैं। बिगड़ी दिनचर्या और खराब खान-पान के बीच सिर्फ योग ही विभिन्न बीमारियों से सुरक्षित रख सकता है। इस मौके पर प्रो. नीरज कुमार सिंह, डॉ. संदेश गुप्त, डॉ. प्रवीनभाई पटेल, डॉ. प्रवीन कटियार, डॉ. दिग्विजय शर्मा, आकांक्षा आदि ने छात्र-छात्राओं ने योग किया। (ब्यूरो)



# सीएसजेएमयू में योगोत्सव और सेमिनार

कानपुर। सीएसजेएमयू में योगोत्सव व सेमिनार हुआ। योगोत्सव का शुभारंभ डॉ.वंदना पाठक, रजिस्ट्रार डॉ.अनिल यादव ने किया। प्रो.नीरज सिंह, डॉ.संदेश गुप्त, डॉ.प्रवीनभाई पटेल,डॉ.प्रवीन कटियार, डॉ.दिग्विजय शर्मा रहे। सेमिनार का शुभारंभ कुलपति प्रो.विनय पाठक,लखनऊ विवि के डॉ.सत्येंद्र मिश्र, डॉ.संगीता व ऑनलाइन माध्यम से जुड़े नेशनल संस्कृत विवि के डॉ.नवदीप ने किया।

# योग है मनुष्य की संपूर्ण जीवन पद्धति

## सीएसजेएमयू में हुआ योगोत्सव प्रोग्राम

**KANPUR (27 March):** सीएसजेएम यूनिवर्सिटी में मंडे को आयुष मंत्रालय भारत सरकार के संरक्षण में योगोत्सव प्रोग्राम स्टार्ट हुआ. फर्स्ट सेशन में कैंपस के रोज गार्डेन में आयुर्वेदाचार्या डॉ. वंदना पाठक, डॉक्टर ओम प्रकाश आनंद, रजिस्ट्रार डा. अनिल कुमार यादव, डा. नीरज कुमार सिंह ने दीप जलाकर प्रोग्राम स्टार्ट किया. डॉ वंदना पाठक ने कहा कि योग संपूर्ण मानव समुदाय के लिए दी गई एक जीवन पद्धति है. योग कोई एक या आधे घंटे का अभ्यास नहीं बल्कि यह एक संपूर्ण जीवन पद्धति है. संयोजक डॉ राम किशोर ने बताया कि कैंपस में आज यह 15वां प्रोग्राम है. इस मौके पर डॉ. अनिल कुमार यादव, डा. प्रवीनभाई पटेल, डा. संदेश गुप्ता, डा. प्रवीन कटियार आदि मौजूद रहे.

**हेल्थ प्राब्लम्स...**

मिश्र, महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संगीता सारस्वत ने दीप जलाकर किया. प्रोग्राम में पद्म श्री स्वामी भारत भूषण और श्री लाल बहादुर शास्त्री नेशनल संस्कृत विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नवदीप जोशी ऑनलाइन जुड़े रहे. वीसी ने कहा कि वर्तमान में हमारी सभी हेल्थ प्राब्लम्स का प्रमुख कारण हमारी अनियमित और अव्यवस्थित दिनचर्या है. चीफ गेस्ट पद्म श्री भारत भूषण महाराज ने कहा कि योग में आहार-विहार विचार का विस्तृत चित्रण किया गया है उनमें से आहार का चयन बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. भोजन निर्माण करते समय मन की स्थिति, भोजन को परोसने के समय मन की स्थिति और भोजन ग्रहण



करने वाले की मन स्थिति से भोजन पूरी तरह से प्रभावित होता है. उपनिषदों, हठयोगिक ग्रंथों आदि में आहार के चयन

# योग अभ्यास और संगोष्ठी के साथ मनाया योगोत्सव

जासं, कानपुर : छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में सोमवार को आयुष मंत्रालय के सहयोग से आयोजित योगोत्सव में कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने कहा कि वैज्ञानिक सोच के साथ अगर विचार किया जाए तो योग में मानव जीवन के लिए खानपान से लेकर हर स्तर पर ज्ञान दिया गया है। योग जीवन पद्धति है।

विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने विभिन्न योग आसनों का अभ्यास किया। वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्या डा. वंदना पाठक ने कहा कि योग केवल आधे घंटे का अभ्यास नहीं बल्कि संपूर्ण जीवन पद्धति है। नगर के वरिष्ठ योग और प्राकृतिक चिकित्सक डा. ओम प्रकाश आनंद समन्वयक

# 'स्वस्थ जीवन के लिए अपनायें योग'

कानपुर (एसएनबी)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 के क्रम में सोमवार को सीएसजेएमयू में योगोत्सव कार्यक्रम कर लोगों को स्वस्थ्यसफल जीवन के लिए योग का अपनाने का संदेश दिया गया। प्रथम सत्र में योग अभ्यास व द्वितीय सत्र में योगिक जीवन पद्धति पर सेमिनार कर योग की वारीकियां वताई गईं।

योगोत्सव का शुभारंभ वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ.वंदना पाठक, योग व प्राकृतिक चिकित्सक डॉ.ओम प्रकाश आनंद, कुलसचिव डॉ.अनिल कुमार यादव, डॉ.नीरज कुमार सिंह, कार्यक्रम समन्वयक डॉ.रामकिशोर व डॉ.दिग्विजय शर्मा ने किया। 21 जून को नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के क्रम में मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान ने देश भर में 100 स्थानों पर योगोत्सव आयोजित कर रहा है। इस क्रम में सीएसजेएमयू में यह 15 वां आयोजन है। योग पर संगोष्ठी में कुलपति प्रो.विनय कुमार पाठक भी शामिल हुए। पद्मश्री स्वामी भारत भूषण व लाल वहादुर शास्त्री नेशनल संस्कृत विवि के डॉ.नवदीप जोशी भी कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़े व योग पर विस्तृत व्याख्यान दिया। स्वामी भारत भूषण ने प्रातः काल की हवा को लाख रुपये की दवा वताया। यह भी कहा कि व्यक्ति को आधा पेट भोजन करना चाहिए तथा एक चौथाई जल व एक चौथाई जगह वायु के लिए रखना चाहिए। विशिष्ट अतिथि डॉ.सत्येन्द्र कुमार मिश्रा रहे। वरिष्ठ महिला रोग विशेषज्ञ डॉ.संगीता सारस्वत ने भी अपने विचार रखे।

# अप्रैल, 2023

## 1. स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, दिनांक 25 अप्रैल, 2023

राज्य रक्त संचरण परिषद, उ0प्र0 के दिशा–निर्देश में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का उद्‌घाटन विश्वविद्यालय के मा0 कुलपति प्रो0 विनय कुमार पाठक, प्रति–कुलपति प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी व नगर की वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डा0 वंदना पाठक महोदया ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर मा0 कुलपति महोदय, मा0 प्रतिकुलपति एवं डा0 वंदना पाठक महोदया ने रक्तदान करने वाले छात्र–छात्राओं का उत्साहवर्द्धन प्रमाण–पत्र, फल व जूस देकर किया।





मा0 कुलपति महोदय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि किसी के जीवन रक्षण के लिए रक्तदान का कोई विकल्प नहीं है। उपस्थित छात्र–छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि राज्य रक्त संचरण परिषद उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे रक्त संचरण अभियान में आप सभी को बढ़–चढ़कर भाग लेना चाहिए। आप लोगों द्वारा रक्तदान करने की परम्परा के निश्चित ही दूरगामी परिणाम अच्छे होंगे और एक बढ़े पैमाने पर जनमानस को स्वस्थ रक्त की आपूर्ति करने में सफलता प्राप्त होगी। उन्होंने इस रक्तदान शिविर के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में इस प्रकार के जनउपयोगी शिविरों का आयोजन करते रहेंगे।







विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी जी ने रक्तदान की महत्ता व उसके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों को बताया। उनका कहना था कि युवाओं को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि गंभीर बीमारियों व आकस्मिक रोगियों की प्राण–रक्षा में रक्त का कोई विकल्प नहीं है, ऐसे रोगियों की प्राण–रक्षा रक्त देकर ही संभव है।

विशिष्ट अतिथि डा0 वंदना पाठक जी ने रक्तदाताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि राज्य सरकार के 'रक्तदान मेरा अभिमान' अभियान को गति देने वाले ये सभी युवा बधाई के पात्र हैं। उन्होंने शिविर में बढ़–चढ़कर रक्तदान करने हेतु उपस्थित लोगों को प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम संयोजिका डा0 वर्षा प्रसाद जी ने बताया कि वर्ष भर ''रक्तदान मेरा अभिमान'' अभियान का कुशलतापूर्वक संचालन किया जा सके इसके लिए 30 स्वयं सेवकों की टीम का गठन किया गया है, जो वर्ष भर इस अभियान को गति देने में सक्रिय रहेंगे।

संस्थान के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा जी ने कार्यक्रम के संदर्भ में जानकारी देते हुए कहा कि यह स्वैच्छिक रक्तदान शिविर राज्य रक्त संचरण परिषद, उ0प्र0 के दिशा–निर्देश के क्रम में मा0 कुलपति महोदय के मार्गदर्शन व एन.सी.सी. एवं एन.एस.एस. के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहा है। शिविर में स्वैच्छिक रक्तदान करने हेतु 46 लोगों ने पंजीयन करवाया। पंजीकृत लोगों में स्वास्थ्य परीक्षणोंपरांत योग्य 41 लोगों ने रक्तदान किया।


शाश्वत टाइम्स
हिन्दी दैनिक
कानपुर समाचार
26 अप्रैल 2023
3

विश्वविद्यालय में 41 लोगों ने किया रक्तदान

स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेस में रक्तदान मेरा अभियान शिविर का आयोजन

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विवि में मांगलवार को रक्तदान मेरा अभियान के तहत स्कूल ऑफ़ हेल्थ साइंसेस विभाग में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में 41 लोगों ने रक्तदान किया. इस मौके पर कुलपति ने 30 स्वयंसेवकों की टीम गठन किया. ये टीम साल भर चलने वाले रक्तदान अभियान को गति देगी. रक्तदान शिविर एनसीसी व एनएसएस ने संयुक्त रूप से आयोजित किया. मुख्य अथिति कुलपति विनय कुमार पाठक ने कहा कि जो स्वस्थ है उसे रक्तदान जरूर करना चहिये. प्रति कुलपति सुधीर कुमार अवस्थी ने कहा कि रक्तदान को लेकर भ्रान्तियां हैं जो पूरी तरह गलत है. युवाओं को 4 से 6 महीने में रक्तदान करते रहना चाहिए. वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ. वंदना पाठक ने रक्तदान मेरा अभियान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान से जरूरतमंद की रक्त की मदद होती है. उन्होंने 30 स्वयंसेवकों की टीम बनाये जाने की भी प्रशंसा की. शिविर में कुल 46 लोगों ने पंजीकरण कराया था. जिसमें 41 लोगों ने रक्तदान किया. उन्होंने बताया कि एनसीसी प्रभारी डॉ. मयूरी सिंह के आलावा विवि के छात्र छात्राओं ने रक्तदान किया. उर्सला अस्पताल के रक्त कोष प्रभारी डॉ. चंद्रशेखर, प्रीति बाजपेई एवं उनकी टीम ने रक्तदान की प्रक्रिया पूरी कराई. डॉ. चंद्रशेखर ने छात्र-छात्राओं को रक्तदान के फायदे बताये. इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक, प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी और वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ. वंदना पाठक ने फीता काटकर किया. कुलपति ने रक्तदानियों का उत्साहवर्धन किया. उन्होंने कहा कि विवि के 30 स्वयंसेवकों की टीम साल भर चलने वाले रक्तदान मेरा अभियान को सफल बनाने में सहयोग करेगी. रक्तदान करने वालों को फल व जूस दिया गया. इसके अलावा उन्हें प्रमाण पत्र दिया गया. इस मौके पर डा दिग्विजय शर्मा,डॉ. मुनीश रस्तोगी, डॉ. मयूरी सिंह, डॉ. राम किशोर, डॉ. मानस उपाध्याय, चंद्रशेखर कुमार, नेहा शुक्ला, हिना वैश, आकांक्षा बाजपेई, धीरज कुमार आदि मौजूद रहे.


रक्तदान मेरा अभियान में 41 ने किया रक्तदान

कानपुर। सीएसजेएमयू ने रक्तदान मेरा अभियान शुरू किया। इसके तहत हेल्थ साइंसेज विभाग में शिविर आयोजित हुआ, जिसमें 41 छात्र-छात्राओं ने रक्तदान किया। विवि के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने अभियान के तहत 30 छात्रों की एक टीम गठित की, जो पूरे साल यह अभियान चलाएगी। शिविर का शुभारंभ कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक, डॉ. वंदना पाठक ने किया।

यह रक्तदान शिविर यू.एच.एम. जिला चिकित्सालय के रक्त कोष, प्रभारी डा0 चन्द्रशेखर व परामर्शदाता प्रीती बाजपेयी एवं उनकी टीम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

संस्थान के सह निदेशक डा0 मुनीश रस्तोगी ने बताया कि इस शिविर में विश्वविद्यालय के एन.सी.सी. के प्रभारी डा0 मयूरी सिंह समेत छात्र एवं छात्रायें सागर गुप्ता, अनुराग त्रिवेदी, अनुज्ञा सिंह, शिवांगी चतुर्वेदी, मयंक राज, बृजेन्द्र द्विवेदी, प्रिया यादव, अुनष्का राय, मुस्कान यादव, पूनम यादव, आरती वर्मा, नाव्या, अंशिका मौर्या, श्याम लाल, अविद्याकू, अभिषेक त्रिपाठी, श्रेयांक, सुधीर कुमार, प्रियंका राजपूति आदि ने रक्तदान किया।

# मई, 2023

## 1. छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 अन्तर्गत योगोत्सव कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ, 24 मई 2023

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 के उपलक्ष्य में एक मासीय योगोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के मा0 कुलपति प्रो0 विनय कुमार पाठक जी, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ वंदना पाठक, विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉक्टर सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसचिव अनिल कुमार यादव, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. नीरज कुमार सिंह, द आर्ट ऑफ लिविंग से श्री हितेश जायसवाल, डा0 दिग्विजय शर्मा, डा0 मुनीश






रस्तोगी, डॉ0 प्रवीण कटियार, डा0 रामकिशोर, डा0 अंकित त्रिवेदी, डा0 प्रभात गौरव मिश्र आदि ने साथ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया।

इस अवसर पर माननीय कुलपति जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि माननीय कुलाधिपति महोदया जी की प्रेरणा से 2023 का अंतरराष्ट्रीय योग दिवस छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय योगोत्सव कार्यक्रम के माध्यम से बहुत ही वृहद स्तर पर मना रहा है। उन्होंने कहा इस योगोत्सव कार्यक्रम में गायत्री परिवार, रोटरी क्लब, भारतीय योग चिकित्सा संघ, आरोग्य भारती, नीमा, द आर्ट आफ लिविंग, ब्रह्मकुमारी, इस्कान, श्रीनाथ योग संस्थान प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र, पद्म अंतरराष्ट्रीय जलयोग संस्थान, देव अंतरराष्ट्रीय योग संस्थान, सर्व धर्म योग संस्था, पतंजलि योगपीठ जैसी लगभग 15 से अधिक स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से 15 से अधिक कार्यशालायें, जलयोग प्रतियोगिता, विश्वविद्यालय परिसर सहित 75 गांवों में एक साथ 21 जून 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के निर्धारित प्रोटोकॉल के साथ योगाभ्यास कराया जाएगा और बोट क्लब गंगा बैराज में जल योग का भी प्रदर्शन एवं अभ्यास जलयोगी श्री पंकज जैन जी के नेतृत्व में होगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ वंदना पाठक जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा योग भारतीय परंपरा की एक ऐसी अमूल विद्या है जिसे भारत ही नहीं संपूर्ण विश्व अपने स्वास्थ्य का संवर्धन, संरक्षण और विभिन्न रोगों के उपचार में कर रहा है। योग और आयुर्वेद दोनों के संयुक्त प्रयोग से स्वास्थ्य और रोग के उपचार दोनों दृष्टि से बहुत उत्तम प्रभाव पड़ता है। दोनों पद्धतियां रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में अद्भुत प्रभावशाली हैं।



विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रोफेसर सुधीर कुमार अवस्थी जी ने सभी संस्थाओं के उत्साह पूर्ण उल्लेखनीय सहयोग का स्वागत करते हुए कहा यह विश्वविद्यालय परिवार के लिए बहुत ही गर्व का विषय है की देश की प्रतिष्ठित संस्थाओं ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 को सफल बनाने हेतु बढ़–चढ़कर अपना सहयोग प्रदान किया है। इस योगोत्सव में सम्पन्न होने वाली विभिन्न कार्यशालाओं में देश के प्रतिष्ठित विद्वानों आने विचारों को प्रस्तुत करेंगे, जिससे विश्वविद्यालय की सभी छात्र–छात्राओं शिक्षकों अधिकारियों को बहुत कुछ सीखने का अवसर प्राप्त होगा।

विविश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अनिल कुमार यादव जी ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि, उपस्थित सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, कार्यशाला के समन्वयको, मीडियाकर्मी, कार्यशाला के प्रतिभागीगण आदि सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का संचालन योगोत्सव समन्वयक डॉ रामकिशोर एवं अंकित त्रिवेदी जी द्वारा किया गया।

विविश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अनिल कुमार यादव जी ने उपस्थित सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों कार्यशाला के समन्वय को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि आदि सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।
इस अवसर पर  श्री हितेश जयसवाल जी, श्री डीके प्रकाश जी, श्री अंकुर गंगवार जी, डॉ रविंद्र पोरवाल जी, ओमप्रकाश आनंद जी, श्री दिनेश कटियार, राजबहादुर, डा0 संगीता सारस्वत जी, योगाचार्य विनोद शुक्लाजी, आचार्य विभिन्न पथिक, डॉक्टर बी0 एन0 आचार्य जी, डॉ अनोखेलाल पाठक जी, जलयोगी श्री पंकज जैन जी आदि विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि, विश्वविद्यालय के चीफ वार्डेन डॉक्टर अनुराधा कलानी, विशाल शर्मा, डॉ प्रशांत जी, रॉविन पोरवाल, सोनी गुप्ता, डॉ आशीष कुमार दुबे, शिवांशु सचान, डॉ0 हिमांशु त्रिवेदी, मानस उपाध्याय, आशीष कटियार, डॉ पुष्पा ममोरिया, श्रीमती मयूरी सिंह, डॉ दुर्गेश चौहान, श्री हरीश शर्मा जी, सहित विश्वविद्यालय के सम्मानित शिक्षक गण, मीडिया कर्मी और छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# <u>जून, 2023</u>

1. **<u>विश्व रक्तदान दिवस, 14 जून, 2023</u>**

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में माननीय कुलाधिपति महोदया की प्रेरणा और मा0 कुलपति प्रो0 विनय कुमार पाठक जी के मार्गदर्शन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ हेल्थ साइंस, एन.सी.सी., एन.एस.एस. और स्वयंसेवी संस्था सक्षम के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ जिसका उद्घाटन विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी, संस्थान के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा, सक्षम संस्था के नगर अध्यक्ष प्रो0 विकास मिश्र आदि ने फीता काटकर किया। इस रक्तदान शिविर में लगभग 250 लोगों ने प्रतिभाग किया।



इस स्वैच्छिक रक्तदान के लिए स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा ने उपस्थित सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा रक्तदान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। विश्वविद्यालय के आवाहन पर आज इस शिविर में बड़ी संख्या में शिक्षकगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण और छात्रगणों ने प्रतिभाग किया। इस रक्तदान शिविर में कुल 125 रक्तदाताओं ने रक्तदान के लिए पंजीकरण किया जिसमें कुल 102 यूनिट रक्त संग्रह हुआ।

विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा रक्तदान किसी को जीवन देने के समान है। हम सबको बढ़–चढ़कर इस शिविर में रक्तदान करना और दूसरों को इसके लिए प्रेरित भी करना है। सक्षम संस्था के नगर अध्यक्ष प्रो0 विकास मिश्रा जी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सामान्य नागरिक के मन यह अवधारणा होती है कि रक्तदान करने से हम कमजोर हो जाएंगे अथवा हमें कोई रोग न हो जाए। जबकि ये सब मिथ्या विचारधाराएं हैं। रक्तदान के बाद रोग प्रतिरोधक क्षमता सहित कई सकारात्मक परिवर्तन शरीर में होते हैं। कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा0 अनिल कुमार यादव जी ने भी रक्तदान किया।

इसी क्रम में परीक्षा नियंत्रक डा0 सुधांशु पांडिया एवं अन्य डिप्टी रजिस्टार एवं असिस्टेन्ट रजिस्टार ने भी अपना–अपना रक्तदान सम्पन्न कराया। फॉर्मेसी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा0 अजय यादव ने स्वयं अपना रक्तदान कर अन्य कर्मचारियों को भी रक्तदान करने के लिए महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया। संस्थान के निदेशक डा0 दिग्विजय शर्मा एवं सह–निदेशक डा0 मुनीश रस्तोगी ने भी रक्तदान कर छात्रों को बड़ी संख्या में प्रेरित किया। विभाग के अन्य शिक्षक श्री चन्द्रशेखर कुमार, श्री आदर्श कुमार श्रीवास्तव, सुश्री आमना जैदी, डा0 स्नेह पाण्डेय, डा0 प्रशांत मिश्रा, डा0 अभिषेक मिश्रा ने भी रक्तदान कर महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत किया। शिविर में सुश्री हिना वैश, सुश्री आकांक्षा बाजपेई, सुश्री वर्तिका श्रीवास्तव, श्री धीरज कुमार, डा0 पंकज द्विवेदी, डा0 पुष्पा ममोरिया, डा0 अंकित द्विवेदी, सुश्री आमना जैदी, सक्षम संस्था के सचिव श्री सचिन पाण्डेय एवं कानुपर नगर युवा प्रकोष्ठ प्रमुख मृदुल अग्निहोत्री आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा0 राम किशोर जी ने किया।

स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेन्ट के भी कई शिक्षकों ने रक्तदान कर आज के कार्यक्रम को गति प्रदान की। इस शिविर में यू.एच.एम. हॉस्पिटल की टीम डा0 चन्द्रशेखर, प्रभारी रक्तकोष के नेतृत्व में सुचारू रूप से रक्त को संग्रहित करने के लिए पूर्ण रूप से सहयोग प्रदान किया।

## सीएसजेएमयू में 102 यूनिट ब्लड डोनेशन



kanpur@inext.co.in

KANPUR (14 June): सीएसजेएमयू के स्कूल ऑफ हेल्थ साइंस, एनसीसी, एनएसएस और स्वयंसेवी संस्था सक्षम के संयुक्त तत्वावधान में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया. प्रोवीसी प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, डॉ. दिग्विजय शर्मा और प्रो. विकास मिश्र ने फीता काटकर कैंप का उद्घाटन किया. डा. दिग्विजय शर्मा ने कहा कि रक्तदान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है. यहां पर 102 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया है. रजिस्ट्रार डा. अनिल कुमार यादव, एग्जाम कंट्रोलर डॉ. सुधांशु पांड्या समेत कई आफिसर्स ने भी ब्लड डोनेट किया. इस मौके

रस्तोगी, चन्द्रशेखर कुमार, आदर्श कुमार श्रीवास्तव, आमना जैदी और

### सीएसए में भी लगा कैम्प

सीएसए और आईएमए चेरिटेबल ब्लड सेन्टर के संयुक्त तत्वाधान में वेडनसडे को सीएसए कैंपस में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया. कैंप का उद्घाटन कार्यवाहक वीसी डॉ. बिजेंद्र सिंह ने ऑनलाइन प्रोसेस से किया. वीसी ने बताया कि रक्तदान एक महादान है, जिसमें दूसरों के साथ-साथ अपना फायदा भी है. डीएसडब्ल्यू डॉ. रामप्यारे ने बताया कि टोटल 82 स्टूडेंट्स ने ब्लड डोनेट किया है.



## शैक्षणिक संस्थानों में हुआ रक्तदान

कानपुर। विश्व रक्तदाता दिवस पर शहर के विभिन्न विश्वविद्यालय व शैक्षणिक संस्थानों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के हेल्थ साइंसेज विभाग में एनसीसी, एनएसएस की ओर से शिविर का आयोजन हुआ। परीक्षा नियंत्रक प्रो. सुधांशु पांडिया, रजिस्ट्रार डॉ. अनिल कुमार यादव समेत 102 लोगों ने रक्तदान किया।

शिविर का उद्घाटन प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी ने किया। सीएसए में शिविर का उद्घाटन कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने किया। शिविर में कुल 82 छात्रों ने रक्तदान किया। डीबीएस कॉलेज में संगोष्ठी में प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार मिश्रा ने रक्तदान के लाभों की जानकारी दी। इस मौके पर डॉ. एसपी सिंह, डॉ. गौरव, डॉ. अजय कुमार आदि मौजूद रहे। डीजी कॉलेज में संगोष्ठी में डॉ. अर्चना दीक्षित ने रक्तदान के फायदे समझाए। (ब्यूरो)



2.

2. **<u>छत्रपति शाहू जी महाराज जयंती एवं विश्व नशा मुक्ति दिवस, 26 जून, 2023</u>**

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के प्रांगण में शाहू जी महाराज की जयंती एवं विश्व नशा मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के पंडित दीन दयाल उपाध्याय सभागार में संगोष्ठी का का आयोजन माननीय कुलपति प्रो0 विनय कुमार पाठक ने किया जिसमें प्रति–कुलपति प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसचिव डॉ0 अनिल कुमार यादव, अधिष्ठाता छात्र प्रकोष्ठ प्रो0 नीरज कुमार सिंह, एवं स्कूल ऑफ आर्ट्स, ह्यूमेनिटीस एवं सोशल साइंसेज के निदेशक डॉ0 प्रशांत, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में शाहू जी महाराज की विशाल प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं (पोस्टर पेंटिंग आदि) का आयोजन किया गया।



# शाहू जी महाराज की जयंती के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं (पोस्टर पंटिंग आदि) का आयोजन

**अमन यात्रा ब्यूरो**

कानपुरः समतामूलक समाज के प्रणेता, आरक्षण के जनक, नारी उद्धारक, लोकराजा, राजर्षि छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती के अवसर पर छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के यशस्वी कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक, प्रतिकुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसचिव डॉ अनिल कुमार यादव, विश्वविद्यालय के शिक्षकों,अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय के प्रांगण में स्थित शाहू जी महाराज की विशाल प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। विश्वविद्यालय में शाहू जी महाराज की जयंती के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं (पोस्टर पंटिंग आदि) का आयोजन किया गया। शाहू जी महाराज की जयंती के अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर के पंडित दीन दयाल उपाध्याय सभागार में संगोष्ठी का आयोजन कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक, प्रतिकुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, अधिष्ठाता छात्र प्रकोष्ठ प्रो. नीरज कुमार सिंह, एवं स्कूल ऑफ़ आर्ट्स, ह्मनितिएस एंड सोशल साइंसेज के निदेशक डॉ. प्रशांत की अध्यक्षता में किया गया। संगोष्ठी के विशिस्ट अतिथि के रूप में मुख्य वक्ता प्रो. आनन्द मनजार खेड़े एवं डॉ. शशि भूषण सिंह उपस्थित रहें। वक्ताओं ने संगोष्ठी में लोकनायक राजर्षी शाहू जी महाराज के द्वारा किए गए जन सामाजिक एवं लोक उन्नयन हेतु किए गए कार्यों को याद करते हुए विचार प्रकट किए। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता में विजय हुए विद्यार्थियो को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किये गए। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. योगेन्द्र पाण्डेय विभागाध्यक्ष पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग ने दिया । कार्यक्रम के उपरांत नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर प्रतिभागियो को डॉ. दिग्विजय शर्मा निदेशक हेल्थ साइंस विभाग द्वारा शपथ दिलाई गयी।

माननीय वक्ताओं ने संगोष्ठी में लोकनायक राजर्षी शाहू जी महाराज के द्वारा किए गए जन सामाजिक एवं लोक उन्नयन हेतु किए गए जन सामाजिक एवं लोक उन्नयन हेतु किए गए कार्यों को याद करते हुए विचार प्रकट किए। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता में विजय हुए विद्यार्थियों को प्रमाण–पत्र भी प्रदान किये गए।

कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 योगेन्द्र पाण्डेय विभागाध्यक्ष पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग ने दिया। साथ ही कार्यक्रम के उपरांत नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर प्रतिभागियों को डॉ0 दिग्विजय शर्मा निदेशक स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेस विभाग द्वारा शपथ दिलाई गयी।

**Workshop Report: Career Opportunities in VLSI and Embedded Systems**

A workshop titled "Career Opportunities in VLSI and Embedded Systems" was held on 06-08-2022 at Seminar Hall UIET. The workshop aimed to introduce students to the exciting fields of VLSI (Very-Large-Scale Integration) and Embedded Systems, highlighting the diverse career paths and promising job prospects within these industries.

**Workshop Objectives:**

- Provide an overview of VLSI design and embedded systems development.
- Explore the various career opportunities available in these fields.
- Equip students with the necessary skills and knowledge to pursue careers in VLSI and Embedded Systems.
- Showcase the growing demand for skilled professionals in these sectors.

The workshop on "Career Opportunities in VLSI and Embedded Systems" provided valuable insights into these dynamic fields. Students gained a deeper understanding of the exciting career paths available, the necessary skillsets, and the promising future outlook for these industries. The workshop is expected to motivate students to pursue careers in these rapidly evolving sectors and contribute to the development of next-generation technologies.

## Data Science & Machine Learning Workshop

The department of Mathematics, School of Basic Sciences organized a National Workshop on Data Science & Machine Learning from 15 July to 19 July, 2022. This workshop provided a comprehensive introduction to the fields of data science and machine learning. It explored the fundamental concepts, tools, and techniques used to extract valuable insights from data and leverage them to create intelligent systems.

The workshop explored into the core principles of data science, encompassing the entire data lifecycle. Participants gained a solid understanding of data acquisition and wrangling methods for collecting, cleaning, and preparing raw data for analysis. Data visualization tools and best practices for effectively communicating insights to stakeholders.

The workshop progressed to explore the exciting world of machine learning. Participants were introduced to supervised learning algorithms, unsupervised learning algorithms and model evaluation metrics for assessing the performance and effectiveness of machine learning models.









# सीएसजेएमयू में डेटा साइंस और मशीन लर्निंग पर कार्यशाला सम्पन्न

अमन यात्रा ब्यूरो

कानपुर: छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज के गणित विभाग में डेटा साइंस और मशीन लर्निंग पर पांच दिवसीय कार्यशाला एन.डब्ल्यू.डी.एस.एम.एल-2022 का मंगलवार को समापन हो गया। कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक के मार्गदर्शन में 15 जुलाई से 19 जुलाई तक आयोजित इस पांच दिवसीय कार्यशाला में छात्र- छात्राओं ने डेटा साइंस और मशीन लर्निंग की जानकारी हासिल की। कार्यशाला के अंतिम दिन के सत्र की अध्यक्षता डॉ वर्षा गुप्ता द्वारा की गयी। कार्यशाला में आई.आई.टी कानपुर के प्रोफेसर आशुतोष मोदी ने मल्टी मॉडल एप्रोच के साथ अफेक्टिव कंप्यूटिंग के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने इस बात पर भी खास जोर दिया कि मल्टी मॉडल एप्रोच के साथ काम कर डेटा साइंस और मशीन लर्निंग के क्षेत्र में कुछ नया और उपयोगी कार्य किया जा सकता है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मल्टी मॉडल एप्रोच और अफेक्टिव कंप्यूटिंग के विषय में काम करने के लिए कई प्रकार के कोडिंग वेबसाइटों का उपयोग किया जा सकता है।

15 जुलाई से 19 जुलाई तक आयोजित इस कार्यशाला में पूरे भारत से लगभग 500 छात्रों ने पंजीकरण कराया था। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों ने हैंड्स ऑन की मदद से डेटा साइंस, मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में सीखा। पांच दिवसीय कार्यशाला में विभिन्न आई.आई.टी और एन.आई.टी के प्रख्यात वक्ताओं ने कृत्रिम बुद्धि पर जानकारीपूर्ण व्याख्यान दिया। कार्यशाला में प्रतिदिन हर सत्र के बाद प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई थी। कार्यशाला में संयोजक डॉ. नमिता तिवारी, समन्वयक डॉ. डी.के. सिंह, उप निदेशक डॉ. अंशु दीक्षित और गणित विभाग के समस्त प्राध्यापकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यशाला का संचालन स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज के निदेशक डॉ.आर.के. द्विवेदी के मार्गदर्शन में किया गया।

**National Workshop on Data Science & Machine Learning from 15 July to 19 July, 2022**

Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University, Kanpur
Uttar Pradesh State University (Formerly Kanpur University, Kanpur 208024)
www.csjmu.ac.in

## Career Counselling Workshop

The Department of Mass Communication & Journalism organized a career counselling workshop dated 23 June 2023 presided by Prof. Sudhanshu Pandya and Dr. Sudhanshu Rai. They guided the students towards potential career paths in the ever-evolving media landscape.

The workshop aimed to equip students with an understanding of the diverse career options available within the realm of Mass Communication & Journalism. Offer practical guidance on resume building, portfolio creation, and interview preparation. The workshop content encompassed several key areas Industry Overview, Career Options, Skill Development, Resume & Portfolio Building, and Interview Techniques.







**Career counselling workshop dated 23 June 2023 presided by Prof. Sudhanshu Pandya and Dr. Sudhanshu Rai**


मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY
In collaboration with Mission Shakti is organizing a program on
CPR
Cardiopulmonary resuscitation (CPR) Program
PATRON
Prof. Vinay K. Pathak
Hon. Vice Chancellor
CSJM University, Kanpur
COPATRON
Prof. Sudhir K. Awasthi
Hon. Pro Vice Chancellor
CSJM University, Kanpur
CHIEF GUEST
Prof. Vinay Krishan
Director
Cardiology Institute, Kanpur
INVITED GUEST
Dr. Rajeev Mishra
Associate Professor
CSJMU, Kanpur
INVITED SPEAKER
Dr. Poonam Chaturvedi
Assistant Professor
Lovely Professional University, Punjab
30 July 2022, 11: 00 AM onwards
Deen Dayal Shodh Kendra, CSJM University
Learn to hold a life in your hands



एग्री-मीट फाउंडेशन
किसान दिवस 2022
आमंत्रित वार्ता एवं किसानोत्सव
किसान पृथ्वी पर प्रत्यक्ष देवता है।
Day & Time
2:00-5:00 pm
23rd December, 2022
Location
दीन दयाल सभागार
कानपुर विश्वविद्यालय
Contact
6265589507
8273918014
आमंत्रित अतिथि एवं कृषकगण
डॉ. नरेंद्र कुमार अग्रवाल
असिस्टेंट डायरेक्टर, फिशरीज
कानपुर नगर
श्री जितेंद्र कुमार
स्नातक कृषि
उन्नतशील किसान
श्री वीरेंद्र कुमार यादव
प्राकृतिक खेती कर्ता
उन्नतशील किसान
श्री अनूप कुमार
परास्नातक कृषि
उन्नतशील किसान
School of Advanced Agriculture Sciences & Technology
&
AGRI MEET
INTERNATIONAL YEAR OF
MILLETS
2023
G20





# THE DRONE REVOLUTION

## 3 DAYS NATIONAL WORKSHOP CUM TRAINING

*on*

# *Drone: A Boom For Agriculture*

**27-29th January, 2023**

Mode:- Offline
Venue:- Deen Dayal Auditorium and Helipad, CSJM University Kanpur



*Organized by*

**SAAST, CSJM University, Kanpur**

**Agri Meet Foundation, UP.**

**Contact**

**Dr. Ankur Sharma**
Chief Organizing Secretary
6265589507, 8439498014






**Drone: A Boom for Agriculture dated 27 to 29th Jan 2023**


MONDAY
JAN
16 ST
3 PM - 4:30 PM
INSTITUTION'S
INNOVATION
COUNCIL
(Ministry of Education Initiative)
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ
CSJMIF
INNOVATION FOUNDATION
Scan QR
CSJMIF invites you to celebrate
NATIONAL STARTUP DAY 2023
INNOVATING BHARAT
Speakers
Mr. Ashutosh Tiwari
Co-Founder & CEO, Nutrikosh India Private Limited (NKosh)
Mr. Tanmay Tiwari
Deputy Managing Director, Datum Advanced Composites Private Limited
Dr. Harshit Mishra
Founder & CEO , EHM Consultancy Private Limited
REGISTER NOW bit.ly/3hQd2BC
Powered By
START INUP
A Government of UP Initiative
ESTD. 1932
EDII
KPIT
SPARKLE





Organized By:
Department of Economics, CSJMU Kanpur

# "Expert Talk on Union Budget 2023"

Date:
09 Feb. 2023

Time:
12:00 - 01:00PM



Speaker
Mr. Vineet Kumar Dwivedi
Chartered Accountant

Venue:
Conference Hall, School of Arts Humanities & Social Sciences, CSJM University Kanpur

Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University, Kanpur
Uttar Pradesh State University (Formerly Kanpur University, Kanpur 208024)
www.csjmu.ac.in

# Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University, Kanpur

## School of Business Management

With the blessings of Hon'ble Vice Chancellor Prof. Vinay Kumar Pathak Sir, School of Business Management is organizing its first Seminar on

## "Career Management in Today's World"

under its newly initiated **Talk Series** entitled **'Contemporary Issues in Management & Technology'.**

Patron



**Prof. Vinay Kumar Pathak**
**Hon'ble Vice Chancellor**
CSJM University, Kanpur

Speaker



**Mr. Purnendu Shukla**
Director - Operations
ABBVIE INC, Chicago, USA
(Education:- BS- IIT Kanpur, MS- State Univ. of New Yark & MBA- Univ. of Widconsin- WI)

**Target Audience – MBA, BBA & B.Com (Hon.) Students**

**Date: 10/02/2023**

**Time: 12:00 Noon**

Venue: Auditorium, School of Business Management, UG Block (IBM old)

**Dr. Prabhat Dwivedi**
Convener

**Prof. Sudhanshu Pandiya**
Director


भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
58वाँ
स्थापना दिवस समारोह
उद्घाटन कार्यक्रम
एवं
भारतीय ज्ञान
परम्परा पर व्याख्यान
मुख्य अतिथि
प्रो० ई० सुरेश कुमार
कुलपति
द इंग्लिश एण्ड फॉरेन लैंग्वेजेज यूनीवर्सिटी, हैदराबाद
एवं सदस्य यू.जी.सी.
कार्यक्रम अध्यक्ष
प्रो० विनय कुमार पाठक
कुलपति
छ.शा.जी.म. विश्वविद्यालय, कानपुर
स्थान : सभागार बी.बी.ए. भवन
समय : पूर्वाह्न 11 बजे से
दिनांक : 9 फरवरी 2023, दिन : गुरुवार
मुख्य वक्ता
प्रो० नचिकेता तिवारी
विभागाध्यक्ष, डिजाइन विभाग
आई.आई.टी. कानपुर
विशिष्ट अतिथि
डा० वन्दना पाठक
आयुर्वेदाचार्य, कानपुर
विशिष्ट अतिथि
श्री शरद सत्यनारायण चांडक
मुख्य प्रबन्धक, लखनऊ मण्डल
भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
निवेदक : डॉ० अनिल कुमार यादव, कुलसचिव





छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
उद्घाटन कार्यक्रम
भारतीय ज्ञान परम्परा पर व्याख्यान






x






छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्या
निबन्ध लेखन प्रतियोगिता
विषय : G-20 समावेशी विकास
पेंटिंग प्रतियोगिता :
G-20 एवं वैश्विक परिदृश्य में भारत
भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE








A|S.TAB|167|2017
RUSA|OLD.EVA|S.TAB|81|2017
RUSA|OLD.EVA|S.TAB|210|2017
RUSA|OLD.EVA|S.TAB|207|2017
RUSA|OLD.EVA|S.TAB|07|2






# छात्राओं को दिए महत्वपूर्ण टिप्स

**KANPUR:** स्कूल ऑफ आर्ट्स ह्यूमिनिटीज एंड सोशल सांइसेज में रामा मेडिकल कॉलेज के सहयोग से फीमेल हाइजिन एंड सेल्फ केयर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें डॉ. प्रज्ञा त्रिवेदी स्त्री रोग विशेषज्ञ रामा मेडिकल कॉलेज ने अपने सुझाव दिए. इस मौके पर संस्थान के निदेशक डॉ. प्रशान्त, डॉ. अनीता अवस्थी, डॉ. पूजा सिंह, डॉ. प्रियंका शुक्ला, डॉ. शिल्पी कुकरेजा, डॉ. अंशु सिंह उपस्थित रहे.


वित्त
मंत्रालय
Expert Talk on Union Budget 2023
Organized By:
Department of Economics, CSJM University Kanpur
Chief Patron
Prof. Vinay Kumar Pathak
Vice Chancellor
Speaker
Mr. Vineet Kumar Dwivedi
Chartered Accountant
Date:
09 Feb. 2023
Prof. Sandeep Kumar
(Dean)
Faculty of Advance
Studies of Social Sciences
Dr. Prashant Mishra
(Director)
School of Arts
Humanities & Social Sciences
Dr. Pooja Singh
(Asisstant Professor)
Department of Economics
Dr. Sharad Dixit
(Asisstant Professor)
Departmen of Economics
Time:
12:00 - 01:00PM
Venue: Conference Hall, School of Arts Humanities & Social Sciences, CSJM University Kanpur




NEW YORK CITY


Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University, Kanpur
(Formerly Kanpur University, Kanpur)
पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग
दिनांक 16.02.2023 समय 11:30 पूर्वान्ह, एक दिवसीय संगोष्ठी
डिजिटल युग और पत्रकारिता का अंतर्द्वंद
संरक्षक
प्रो विनय कुमार पाठक
माननीय कुलपति
सीएसजेएमयू कानपुर
मुख्य अतिथि
प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी
प्रति कुलपति
सीएसजेएमयू कानपुर
मुख्य वक्ता
बिचित्र मणि सिंह राठौर
वरिष्ठ पत्रकार
ए.बी.पी. न्यूज
Venue : Deendayal Sabhagar

Scanned with OKEN Scanner

बताएगा। (संवाद)

# पत्रकारिता के नैतिक मूल्यों का हो रहा विघटन

संवाद न्यूज एजेंसी

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के दीनदयाल सभागार में बृहस्पतिवार को डिजिटल युग और पत्रकारिता का अंतर्द्वंद्व विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार बिचित्रमणि सिंह ने कहा कि पत्रकारिता के नैतिक मूल्य तो होते हैं परंतु वर्तमान समय में इसका विघटन होता जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पत्रकार को जनता का पक्षधर होना चाहिए ना कि सत्ता पक्ष का। उन्होंने बताया कि आजकल समाचार का रूपांतरण शोर में तब्दील होता जा रहा है।



बिचित्रमणि सिंह।

संगोष्ठी का शुभारंभ विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी ने किया। इस मौके पर डॉ. दिवाकर अवस्थी, डॉ. विशाल शर्मा, डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय और डॉ. जितेंद्र डबराल आदि मौजूद रहे।

## विवि के 14 छात्रों को मिली नौकरी

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के 14 छात्रों को कॉन्सेप्ट कैंपस टेक कंपनी ने प्लेसमेंट ड्राइव में नौकरी दी है। प्लेसमेंट सेल के प्रभारी डॉ.. प्रभात द्विवेदी ने बताया कि एमबीए, बीबीए और बीकॉम (ऑनर्स) अंतिम वर्ष के छात्रों को 6.64 लाख के सालाना पैकेज पर कंपनी ने चुना है। पांच छात्रों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। इस मौके पर प्रो. सुधांशु पाण्डिया, डॉ. प्रशांत त्रिवेदी, सौरभ गुप्ता और मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे। (संवाद)

## विवि ने जय प्रकाश को मिला स्वर्ण पदक

कानपुर। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के एमपीएड छात्र जयप्रकाश सिंह ने कोलकाता में आयोजित नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक पाया है। अब यह एशियन मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे। वहीं विवि के सुशील कुमार चौथे स्थान पर रहे। (संवाद)

**Workshop on Biomechanics: A game changer in sports**






**Workshop on Biomechanics: A game changer in sports dated 07-02-2023**

# Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University, Kanpur

Uttar Pradesh State University (Formerly Kanpur University, Kanpur 208024)

www.csjmu.ac.in














**A workshop on building start-up's dated 17 Feb 2023**

## फाइन आर्ट्स की राष्ट्रीय कार्यशाला शुरू

कानपुर : छत्रपति शाहू जी महराज विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ फाइन आर्ट्स में सोमवार को पारंपरिक लघु चित्रकला पर पांच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला शुरू हुई। कार्यशाला के मुख्य अतिथि प्रो. मनोहर श्रीमाली ने युवाओं से पारंपरिक चित्र शैली को बचाए रखने का आह्वान किया। कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि पारंपरिक कला भविष्य में भी गतिमान रहे। छात्र रचनात्मकता से इसे समृद्ध करें। जासं

## पारंपरिक लघु चित्रकला पर वर्कशाप शुरू

**KANPUR (27 March):** सीएसजेएम यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स में मंडे तो पारंपरिक लघु चित्रकला पर पांच दिवसीय नेशनल वर्कशॉप स्टार्ट हुई. वर्कशॉप का शुभारंभ चीफ गेस्ट और चित्रकार प्रो. मनोहर श्री माली, वीसी प्रो. विनय कुमार पाठक, प्रो वीसी प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, डॉ. पूर्णिमा तिवारी और राजकुमार सिंह ने दीप जलाकर किया. चीफ गेस्ट ने भारतीय लघु चित्रकला की बारीकियों के बारे में समझाया.वीसी प्रो. पाठक ने कहा कि भारतीय कला परंपरा सदियों से अनवरत चलती आ रही है और हम सभी का प्रयास होना चाहिए कि यह वर्तमान और भविष्य में भी निरंतर गतिमान रहे. बताया कि फाइन आर्ट डिपार्टमेंट के स्टूडेंट्स की ओर से बनाए गए प्रोजेक्ट **https://finearts.csjmu.ac.in/** पर बिक्री के लिए मौजूद हैं.इस मौके पर मिठाई लाल, विनय सिंह और शोभित कुमार गंगवार आदि मौजूद रहे.




**5 day National workshop on traditional Miniature painting dated 27 to 31 march 2023**


BIAG
Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University
(Formerly Kanpur University)
School of Engineering & Technology (UIET)
Department of Computer Applications
Organizes
2nd National Drone Ranking Announcement
Conclave on DOROTICS
Venue: Seminar Hall @ UIET-4
31st March 2023 (Friday) | 2:30 pm onwards
Venue: Seminar Hall @ UIET-4
1st April 2023 (Saturday) | 2:30 pm onwards
Under the aegis of
International Aviation Games Board (BIAG) | Aviation & Space Federation for Universe (ASFU)
Patron
Chief Patron | Presidential Board | Guest Speakers
Organizers
Prof. Sudhir Kr. Awasthi
Pro Vice Chancellor
CSJM University Kanpur
Dr. Anil Kr. Yadav
Registrar
CSJM University Kanpur
Prof. Vinay Kr. Pathak
Hon'ble Vice Chancellor
CSJM University, Kanpur
Dr. Anil D. Sahasrabudhe
Chairman - NAAC & NBA
MoE, Govt. of India
Prof. K.K. Aggarwal
Former Chairman - NBA
Founder VC - IP University
Mr. Ashu Gupta
ED & Founder Member
BIAG (ASFU)
Mr. Manoj Singh
Assistant Director
AICTE, New Delhi
Dr. Brishti Mitra
Director @ UIET
Dr. Rabins Porwal
(Event Convenor)
Professor | Head
Dept. of Comp. Appln.
www.csjmu.ac.in /csjmuknp /csjm_university /CSJM_University /rb.gy/nr2jsc || www.biagindia.org | www.asfuindia.in || Follow Us: biagindia







# ड्रोन बताएगा दुश्मन कहां

## विवि में चल रहे ड्रोन रैंकिंग एवं डोरोटिक्स कॉन्क्लेव में किया गया प्रदर्शन

आस्टिकल डिटेक्टर और हेक्सा कॉप्टर ड्रोन।

माई सिटी रिपोर्टर

